सुप्रभात
रांची, बुधवार
04.09.2024
**नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 56



06 यौन दुष्कर्म के मामले और राष्ट्रपति की चिंता

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा
की पावन धरा दक्षिणी छोटानागपुर
की लाखों माता-बहनों को
खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

हर बहना को
हर साल
₹12 हजार

सम्मान राशि का
करेंगे हस्तांतरण

4 सितम्बर, 2024 | अपराह्न 01:00 बजे से
ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली, नामकुम, रांची

दक्षिणी छोटानागपुर (रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा) की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है

48 लाख
से अधिक निबंधन

लगभग 45 लाख
बहनों के आवेदन स्वीकृत

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 334643 (Women,Child Development & Social Security) IPRD 24-25

## उत्पाद सिपाही दौड़ में हुई मौत के लिए हेमंत सरकार को ठहराया जिम्मेवार

# आश्रित को ₹50 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी दे सरकार: बाबूलाल

**भाजपा का आरोप - घायल अभ्यर्थियों के इलाज में लापरवाही भी मौत का कारण बनी**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/ओरमांझी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ओरमांझी के जिराबर गांव में मृतक अजय कुमार महतो के परिजन से मुलाकात की। श्री मरांडी ने कहा कि यह संवेदनहीन सरकार है। युवाओं की मौत हो रही है और सरकार निश्चिंत है। परिजनों की सुध लेने की भी राज्य सरकार को फुर्सत नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने उत्पाद सिपाही की दौड़ में जिस प्रकार से नियमों का उल्लंघन किया, वह अभ्यर्थियों नवजवानों के मौत का कारण बन रही है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं की गयी। लंबी यात्रा करके नौजवान सेंटर पर पहुंचे। रात भर जागकर लाइन में लगे और सुबह में धूप में उन्हें दौड़ाया गया। उन्होंने कहा कि इसका सीधा असर नवजवानों के स्वास्थ्य पर पड़ा। ऐसे में स्वाभाविक है कि नींद पूरी नहीं होने से ब्लड प्रेशर भी बढ़ता है। शरीर की कार्य क्षमता घटती है। फिर भी अभ्यर्थी दौड़ने को विवश हुए।

उन्होंने कहा कि जहां तक नियमावली की बात है 2018 की बहाली नियमावली में स्पष्ट प्रावधान है कि दौड़ के पहले अभ्यर्थियों की लिखित और शारीरिक जांच परीक्षा हो। जो इसमें सफल हों उन्हीं को दौड़ में शामिल किया जाये लेकिन इस सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि एक घंटा में 10 किलोमीटर की दौड़ उत्पाद विभाग के सिपाही के लिए अव्यवहारिक है। इतनी अनिवार्यता तो सेना की बहाली में भी नहीं है। उन्होंने कहा कि अजय कुमार महतो के इलाज में भी लापरवाही बरती गयी। दौड़ में बेहोश हो जाने की स्थिति में परिजनों को सूचित किया गया। उनके पिताजी उनका इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में कराना चाहते थे लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करने दिया गया। उन्होंने कहा कि उल्टे उन्हें फुड पाइप के द्वारा नाक से रिम्स में भोजन दिया गया, जबकि वे बोल रहे थे और खाने और पीने में सक्षम थे। इस प्रकार इलाज में भी लापरवाही बरती गयी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह मौत की जिम्मेवार है। उन्होंने सरकार से मृतकों के आश्रित को 50 लाख रुपये मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। इसके पहले श्री मरांडी ने मृतक अजय महतो के आश्रितों को एक लाख रुपये प्रदान किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू भी थे।

## झारखंड भवन के उद्घाटन पर हेमंत सोरेन के श्रेय लेने पर भाजपा का कटाक्ष

# केवल फीता काटने वाले सीएम के रूप में याद किये जायेंगे हेमंत सोरेन: प्रतुल

**भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा- कब तक पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की योजनाओं का उद्घाटन करते रहेंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा ने झारखंड भवन के उद्घाटन पूरे ताम-झाम के साथ करने के समारोह पर कटाक्ष किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा सरकार की शुरू की गयी योजनाओं के फीता काटने वाले मुख्यमंत्री के रूप में याद किये जायेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से जानना चाहा कि वो कब तक भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा शिलान्यास और फंड की गयी योजनाओं का उदघाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम सिर्फ एक योजना का नाम बता दें, जिसका शिलान्यास और उद्घाटन दोनों उन्होंने ही किया हो।

उन्होंने कहा कि झारखंड भवन का भी शिलान्यास तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने 18 जनवरी 2016 को किया था। इसकी पूरी फंड की भी व्यवस्था उस समय कर ली गई थी। हेमंत सोरेन सिर्फ फीता काटकर वाह वही लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं कि जब भाजपा सरकार के द्वारा शुरू की गई योजनाओं को फीता काटकर मुख्यमंत्री अपनी पीठ खुद थप थपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले दुमका जिले में मयूराक्षी नदी पर बने राज्य के सबसे लंबे पुल का शिलान्यास भाजपा की सरकार के समय हुआ था। फंडिंग भी हो गई थी। लेकिन उदघाटन के समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे अपनी उपलब्धि में जोड़ लिया। इसके अतिरिक्त पलामू में कोयल सोन नदी पर बने पुल की भी यही कहानी है। फंडिंग और शिलान्यास भाजपा सरकार की और उदघाटन सीएम ने किया। इसके अतिरिक्त रांची नगर निगम के नये भवन और वेजिटेबल मार्केट की भी योजना और योजना की फंडिंग भाजपा सरकार के समय तैयार हुई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिर्फ फीता काटा था। यही स्थिति पलामू और गढ़वा के अनेक पावर सब स्टेशन की रही है। उन्होंने कहा कि सबसे शर्मनाक पहलू है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन सारी योजनाओं का पूरा क्रेडिट भी खुद ले रहे है।

## कोर्ट के आदेश के बाद भी सीआई का सीओ पद पर नहीं हुई प्रोन्नति

**भू-राजस्व विभाग को कोर्ट से मिले 12 हफ्ते की मियाद पूरी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भू-राजस्व विभाग की तरफ से 13 मार्च को करीब 64 सीआई को प्रमोशन मिला। इन सभी 64 सीआई को सीओ के पद पर पद्दोनति मिली, लेकिन इनमें से कुछ जो पूरी आहर्ता रखते थे, उन्हें विभाग की तरफ से प्रमोशन नहीं मिल पाया। उन्हीं में से एक हैं सत्यम भारद्वाज। सत्यम भारद्वाज फिलहाल धनबाद जिले के गोविंदपुर अंचल में बतौर सीआई पोस्टेड हैं। सत्यम भारद्वाज की वरीयता क्रमांक 907 है, लेकिन विभाग की तरफ से प्रमोशन देते वक्त 910 वरीयता क्रमांक वाले सीआई को प्रोमोट कर दिया गया, जबकि 907 वरीयता क्रमांक वाले सत्यम भारद्वाज को प्रमोशन नहीं दिया गया। ऐसा होने के बाद सीआई सत्यम भारद्वाज को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

सत्यम भारद्वाज के कोर्ट जाने के बाद सुनावई शुरू हुई। 25 अप्रैल को कोर्ट का फैसला आ गया। कोर्ट ने विभाग से कहा कि मामले में विभाग की तरफ से 12 हफ्ते के अंदर सही फैसला लिया जाए। फैसले की जानकारी सत्यम भारद्वाज की तरफ से 30 अप्रैल को विभाग को दे दी गयी।

जानकारी देने के बाद करीब चार महीने बीत गए। यानी करीब 16 हफ्ते, लेकिन विभाग की तरफ से सुस्त रवैया अपनाया जा रहा है। किसी तरह का कोई फैसला मामले में विभाग की तरफ से नहीं लिया जा रहा है। स्थिति यथावत बनी हुई है। सत्यम भारद्वाज धनबाद जिले के गोविंदपुर अंदर में बतौर सीआई काम कर रहे हैं। देखने वाली बात होगी कि विभाग कब नींद से जागता है और कोर्ट के फैसले के आलोक में किस नतीजे पर पहुंचता है।

# बहुत ही धूर्त तांत्रिक बाबा हैं असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा: बंधु तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने लगातार झारखंड दौरे पर आ रहे असम के सीएम और बीजेपी के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा पर हमला बोलते हुए धूर्त तांत्रिक बाबा बताया है। मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए बंधु तिर्की ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मैं इसीलिए उनको धूर्त तांत्रिक कह रहा हूं क्योंकि 3 साल पहले हेमंत सरकार को अस्थिर करने के समय हमको भी उन्होंने फोन किया था। हमको तांत्रिक बाबा ने फोन करके गंगा में हाथ धोने की बात कह रहा था, मैंने उनको डांटा था।



पत्रकारों से बंधु तिर्की ने कहा कि असम सीएम से आप लोग पूछिएगा कि बंधु तिर्की को जानते हैं। झारखंड के बारे में उनको अभी समझना होगा झारखंड का लोग असम और दूसरे राज्य की तरह नहीं हैं आपको हिम्मत है तो यहां जो आदिवासियों का जमीन को जो लूट लिया गया है उसको वापस करने की बात आप कहें लेकिन ये कभी भी यहां के बारे में, यहां के लोगों के बारे में ऐसी बात नहीं कर सकते।

कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा कि जिस तरह से झारखंड की जनता के बीच सांप्रदायिक भावना को भड़काकर, घुसपैठ बोलकर, झारखंड को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इतना अगर हिमंता बिस्वा सरमा को यहां के लिए चिंता है तो आज एचइसी फैक्ट्री बंद हो गयी है, उसका एकांउट फ्रीज हो गया है, उसके हक के बारे में एक शब्द भी वे नहीं बोलते। झारखंड के लोग हर साल कितने पलायन कर जाते हैं उसके बारे में बोलते, रोजगार के बारे में बोलते तो कुछ समझ में आता लेकिन उनके बारे में उसके पास में कोई शब्द नहीं है क्योंकि केंद्र में उनकी सरकार है।

बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की जो जमीन लूट गयी है उस जमीन को वापस कराने की बात भी तो हिमंता बिस्वा सरमा को करनी चाहिए। सरना कोड के बारे में उनके मुंह से बात नहीं निकलता है, आदिवासियों का नाम लेकर दम भरना, 150 साल से चाय बगान में टी ट्रायब के रूप में रह रहे हैं जिनको एमओबीसी के रूप में जाना जाता है आज तक उसके बारे में किसी तरह की बात नहीं करना, उन्हें जनजाति का दर्जा दिया जाना चाहिए था। हमेशा घुसपैठिए बोलकर जिस तरह से माहौल बनाया जा रहा है वह उचित नहीं है। मैं असम के मुख्यमंत्री से सवाल करना चाहता हूं कि आप आसाम से कितने घुसपैठिया को आज तक बाहर किया उसका आंकड़ा पूरे देश के बीच में सार्वजनिक करना चाहिए। कितने घुसपैठिए को आपने बाहर किया पहले यह आंकड़ा आपको बताना चाहिए तब यहां के बारे में बात करना चाहिए।

## रंजीत सिंह कोहली को हाइकोर्ट से झटका, नहीं मिली जमानत

**तारा शाहदेव प्रकरण**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सजायाफ्ता रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की जमानत अर्जी झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज कर दी। रंजीत कोहली की ओर से रांची सिविल कोर्ट द्वारा सुनाई गई उम्र कैद की सजा को निरस्त करने को लेकर हाई कोर्ट में क्रिमिनल अपील दायर की गई है। हाई कोर्ट की खंडपीठ में कोहली ने हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल का जमानत की गुहार लगाई थी। मामले में रंजीत कोहली की ओर से बहस में कोर्ट को बताया गया था कि वह पति-पत्नी के रूप में थे इसलिए उनके खिलाफ रेप का मामला नहीं बनता है। इसलिए उन्हें जमानत दी जाए। इस मामले में पूर्व में झारखंड हाई कोर्ट से रंजीत कोहली की मां कौशल रानी और बर्खास्त रजिस्ट्रार विजिलेंस मुश्ताक अहमद को जमानत मिल चुकी है।

बता दें कि रांची के सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने रंजीत कोहली की मां कौशल रानी को 10 साल की सजा सुनाई थी। साथ ही मुश्ताक अहमद को 15 साल की सजा सुनाई थी, जबकि रंजीत कोहली को अंतिम सांसों तक जेल में रहने को लेकर उम्र कैद की सजा सुनाई थी। दरअसल, इस हाई प्रोफाइल मामले में सीबीआई कोर्ट ने मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल, उसकी मां कौशल रानी एवं मुश्ताक अहमद को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। मामले में सीबीआई की ओर से 26 गवाह प्रस्तुत किया गया था, वहीं बचाव पक्ष की ओर से 4 गवाह प्रस्तुत किया गया था।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 से, झारखंड पुलिस 18 मुख्य मुद्दों पर लोगों की समस्या सुन करेगी समाधान

**18 मुद्दों पर पुलिस आम लोगों की सुनेगी समस्या और करेगी समाधान**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पुलिस राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन करेगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस कार्यक्रम की शुरूआत 10 सितंबर से होगी। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दे पर आम जनता की समस्या सुनी जायेगी और उनकी मदद की जायेगी। कार्रवाई योग्य शिकायत पर त्वरित निदान करना और पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को प्रदर्शित करना इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है। साथ ही नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करना भी कार्यक्रम का उद्देश्य है।

क्षेत्र से गुमशुदा बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना और मामला दर्ज करना। क्षेत्र में संचालित विभिन्न संस्थाओं में महिलाओं और छात्रों के सुरक्षा के संबंध में जानकारी को प्राप्त करना। आम जनता को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के बारे में बताना।

नये अपराधिक कानून और जीरो एफआईआर के बारे में जानकारी देना। आम जनता को डायल 112 के बारे में बताना। आम जनता को साइबर ठगी होने पर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने के बारे में बताना। कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए घटनाओं की जांच पूर्ण करने और ऐसे संभावित घटनाओं की जानकारी प्राप्त करना।

क्षेत्र में होने वाले अपराध, अपराधियों की सूचना ,साइबर अपराध की घटना और अवैध रूप से नागरिकों से डिपोजिट प्राप्त करने वाली संस्था चीट-फंड की जानकारी प्राप्त करना।

क्षेत्र में सामाजिक मुद्दों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना, जिससे भविष्य में विधि व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। पुलिस थाना और संबंधित कर्मी होमगार्ड व चौकीदार का नागरिकों के साथ व्यवहार और शिकायतों पर उनके रिस्पॉन्स के संबंध में जानकारी प्राप्त करना।

नये कोई विशेष मामले जो उस समय संज्ञान में लाये जायेंगे।

ऐसे क्षेत्र जहां मानव तस्करी की घटना घटती है, वहां पर विशेष रूप से मानव तस्करी के पीड़ित के बारे में जानकारी प्राप्त करना और मानव तस्करी में संलिप्त अपराधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना। ऐसे क्षेत्र जहां पर डायन प्रथा को लेकर अपराध होते हैं, वहां पर विशेष रूप से डायन से संबंधित अपराध के पीड़ित को आवश्यक सहायता देना और दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करना।

ऐसे क्षेत्र जहां पर अफीम की खेती होती है, वहां की जानकारी प्राप्त करेंगे। ऐसे क्षेत्र जहां पर ब्राउन शुगर की खपत हो रही है, उसकी जानकारी प्राप्त करना और इसमें संलिप्त व्यक्ति की जानकारी जुटाना। ऐसे क्षेत्र (विशेष कर शहरी क्षेत्र) जहां रात में अड्डाबाजी आदि होती है, उसे चिन्हित करने का प्रयास करेंगे और जानकारी प्राप्त करेंगे की अड्डेबाजी हो रही है तो किसके द्वारा हो रही है और उसको कैसे रोका जाये।

डीएसपी या उसके ऊपर स्तर के पदाधिकारी विशेष रूप से उन शिकायतों पर भी ध्यान देंगे, जहां पर अनुसंधानकर्ता ने किसी निर्दोष व्यक्ति को फंसाने व किसी दोषी व्यक्ति को बचाने के लिए गलत अनुसंधान किया हो. ऐसे मामलों में सुनिश्चित करेंगे कि पुनः जांच हो और बाद में न्याय हो सके। संबंधित क्षेत्र में सुरक्षा उपाय यथा सीसीटीवी का लगाना, नागरिक सुरक्षा समिति का गठन के लिए प्रेरित करना।

## विस चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस की जिलाध्यक्षों के साथ बैठक कल

**चुनावी रण क्षेत्र तैयार, सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने 5 सितंबर, गुरुवार को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर राज्य के सभी जिलाध्यक्षों की बैठक बुलायी है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव मौजूद रहेंगे। मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जिलाध्यक्ष से संगठन को लेकर सभी से विस्तृत जानकारी लेंगे। बैठक में बूथ कमिटी में कार्य कितना हुआ है और कितना बचा इसकी भी चर्चा होगी। सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि यह बैठक जिला संगठन के निचले स्तर से लेकर ऊपर तक के कार्यकर्ताओं के मनोभावों, विचारों को जानने के लिए है ताकि उसके अनुसार पार्टी कार्यक्रम और नीतियां तय कर सकें और झारखंड के विकास के लिए पार्टी नीति निर्धारण का काम अच्छा से कर सकें। पार्टी का मानना है कि चुनावी रण क्षेत्र तैयार है और ऐसे समय में हमें जरूरत है कि कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों के साथ सरकार की चल रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे हुए लोगों तक संगठन के माध्यम से पहुंचाया जाये ताकि उसका फायदा संगठन को मिल सके।

प्रदेश कांग्रेस का मानना है कि झारखंड ऐसे दौर पर खड़ा है जहां विभाजनकारी शक्तियां झूठे प्रचारों के सहारे सांप्रदायिकता फैलाने की कोशिश कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर हमारी लोकप्रिय महागठबंधन की सरकार है जो झारखंड के विकास की नयी इबारत लिख रही है। इस चुनाव में इन विभाजनकारी शक्तियों को हमें एकजुट होकर मात देना है।

## युवा आजसू का झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा 8 को, प्रभात तारा मैदान में जुटेंगे राज्यभर के युवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व और राज्य के युवाओं के साथ से हम नए झारखंड का निर्माण करेंगे। पार्टी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत युवा आजसू 8 सितंबर दिन रविवार को धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा का आयोजन करेगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में सरकार के क्रियाकलापों से प्रदेश भर के आक्रोशित युवा शामिल होंगे और सरकार की वादाखिलाफियों को लेकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। उक्त बातें युवा आजसू के प्रदेश संयोजक अमित कुमार ने हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। प्रेस वार्ता में अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा एवं ज्योत्सना केरकेप्ता भी उपस्थित थे।

प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को सुनहरे भविष्य के झूठे सपने दिखाकर सत्ता हासिल की है। आज पांच साल बीत जाने के बाद भी युवाओं के हित के लिए सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। राज्य में लाखों सरकारी पद रिक्त पड़े हैं लेकिन सरकार ने इन्हें भरने पर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। युवाओं के अंदर आज सरकार के खिलाफ आक्रोश है। युवा आजसू और अखिल झारखंड छात्र संघ के सभी पदधारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं।

**एक लाख से अधिक बेरोजगार युवाओं ने जमा किया अपना बॉयोडाटा** : अमित कुमार ने बताया कि बेरोजगार युवाओं का डेटा इकट्ठा करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में चलाए जा रहे बॉयोडाटा संग्रह अभियान में युवाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है। आज भी यह अभियान राज्य के शिक्षण संस्थान, कोचिंग सेंटर्स, हॉस्टल्स लॉज के साथ साथ घर घर तक चलाया गया। युवाओं के समर्थन का ही नतीजा है कि अभी तक एक लाख से अधिक बेरोजगार युवाओं ने अपना डेटा ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से जमा कर दिया है। यह अभियान 7 सितंबर तक चलाया जायेगा। सात सितंबर तक जमा हुए बेरोजगार युवाओं के डेटा को हम 8 तारीख को होने वाले झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में राज्य सरकार के समक्ष पेश करेंगे ताकि उन्हें समझ में आये कि उन्होंने राज्य के युवाओं के भविष्य को किस तरह संकट में डाल दिया है। हमारे पदधारियों और कार्यकर्ताओं के साथ साथ बॉयोडाटा एकत्र करने के लिए स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बेरोजगार युवाओं से स अभियान से ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से जुड़कर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने का अनुरोध किया है।


## खबर एक नजर में

### राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मंगलवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस नेता सह सांसद राहुल गांधी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ सांसद केसी वेणुगोपाल एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन उपस्थित थीं।

### नयी दिल्ली में पदमश्री डॉक्टर नरेश त्रेहान से मिले संजय सेठ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने देश-विदेश में 50,000 से अधिक ओपन हार्ट सर्जरी करने वाले प्रख्यात चिकित्सक और मेदांता के निदेशक पद्मश्री डॉ नरेश त्रेहान से मंगलवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात में संजय सेठ डॉ नरेश त्रेहन को सम्मानित किया और चिकित्सा के क्षेत्र में उनके अविस्मरणीय योगदान के लिये आभार प्रकट किया। रांची में न्यूरो व कैंसर के बेहतर ईलाज की सुगम व्यवस्था हो, रांची में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो सके, इन मुद्दों पर रक्षा राज्यमंत्री ने बातचीत की। मुलाकात के बाद श्री सेठ ने बताया कि उन्होंने डॉ नरेश को रांची आने का निमंत्रण भी दिया है।

**केंद्रीय मंत्री ने रांची में न्यूरो और कैंसर की बेहतर और सुगम स्वास्थ्य व्यवस्था पर चर्चा की**

### ड्रैगन टॉर्च से जंगलों की निगाहबानी करेगा वन विभाग

**रांची।** वन विभाग जंगल की सुरक्षा के लिए ड्रैगन टॉर्च का इस्तेमाल करेगा। इससे रात के अंधेरे में तस्करों के साथ-साथ जंगली जानवरों पर भी नजर रखी जायेगी। सभी वन प्रमंडल में विभाग 885 ड्रैगन टॉर्च उपलब्ध करायेगा। सबसे अधिक पलामू टाइगर रिजर्व के लिए 90 ड्रैगन टॉर्च उपलब्ध कराया जायेगा। इसके बाद हजारीबाग के जंगलों की निगाहबानी के लिए 60, रांची के लिए 50, चतरा और जमशेदपुर लिए 50-50 ड्रैगन टॉर्च उपलब्ध कराया जायेगा।

**जानवरों के पानी पीने के लिए 770 चेक डैम का होगा निर्माण**

जंगल क्षेत्र में जानवरों के पीने का पानी के लिए 770 चेक डैम का निर्माण किया जायेगा। वहीं जंगल में मौजूद 618 परंपरागत जलस्त्रोतों का भी जीर्णोद्धार किया जायेगा।

## टिकट को लेकर भीड़ से प्रदेश नेतृत्व हलकान, हर विस क्षेत्र से दर्जनों नेताओं ने दिया है आवेदन

# भाजपा : उम्मीदवारी के लिए सर्वे टेस्ट करना होगा पास

**उदय चौहान**

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा में टिकटार्थियों की भीड़ एकाएक बढ़ गयी है। हर विधानसभा क्षेत्र से दर्जनों नेताओं-कार्यकर्ताओं ने उम्मीदवारी के लिये आवेदन दिया है। टिकटार्थियों के भीड़ की छटनी के लिये भाजपा नेतृत्व आंतरिक सर्वे करा रहा है। हांलाकि, बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर का नेता उम्मीदवारी के लिये बेचैन दिख रहा है। दूसरी ओर, बाहर से आये हुये नेताओं की मौजूदगी से पुराने कार्यकर्ताओं में निराशा घर कर रही है।




भाजपा सूत्रों के अनुसार उम्मीदवारी का दावा करने वाले नेताओं को सर्वे के चार मानकों पर खरा उतरना होगा। भाजपा इस बार उम्मीदवारों की स्थिति का हर स्तर पर आकलन करेगी। फिर कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों की इच्छा को जानने और समझने के लिये अलग-अलग सर्वे कराया जा रहा है। लेकिन, चुनाव में जीत हासिल करने का दम रखने वाले नेताओं को ही उम्मीदवारी के लिये प्राथमिकता दी जायेगी। हांलाकि, दावा किया गया है कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम फैसला ले सकती है।

सूत्रों के अनुसार इसी सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह में उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है। बीते सोमवार को हुई बैठक में इस पर गहन मंथन हुआ है। इस बैठक में प्रदेश संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिश्व सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत तमाम दिग्गज मौजूद थे। इस बैठक में यह तय किया गया कि हर विधानसभा सीट से पांच उम्मीदवारों के नाम केंद्रीय चुनाव समिति को भेजा जायेगा।

### आरक्षित सीटों को लेकर भाजपा की विशेष रणनीति

भाजपा इस बार विधानसभा की 28 आरक्षित सीटों पर विशेष फोकस कर रही है। इसकी वजह यह भी है कि 2019 के चुनाव में 28 आरक्षित सीटों में से सिर्फ दो में ही भाजपा को जीत मिली थी। इन आरक्षित सीटों पर जीत हासिल करने के लिये तमाम तरह के राजनीतिक हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। इन्हीं हथकंडों में से जीत के काबिल दमदार नेताओं को पार्टी में शामिल कराया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, मधु कोड़ा के अलावा लोबिन हेम्ब्रम जैसे नेताओं को भाजपा में शामिल कराया गया है। संथालपरगना व कोल्हान क्षेत्र में विशेष रणनीति के तहत तैयारी शुरू की गयी है। सूत्रों के अनुसार दिग्गज आदिवासी नेताओं को हर मोर्चे पर जनसंपर्क के लिये उतारा जा रहा है। इनमें बाबूलाल मरांडी के अलावा अर्जुन मुंडा, समीर उरांव, चंपई सोरेन, दिनेश उरांव, सुदर्शन भगत, गीता कोड़ा, सीता सोरेन, लोबिन हेम्ब्रोम, शिवशंकर उरांव, सुनील सोरेन, लुईस मरांडी, ताला मरांडी मुख्य हैं। इनमें से अधिकतर आदिवासी नेता विधानसभा चुनाव भी लड़ सकते हैं।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भादो, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 56



12 भारत भाग्य विधाता में काम करेंगी कंगना






## न्यूज डायरी

### दिल्ली में खड़गे और राहुल गांधी से मिले सीएम हेमंत

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता राहुल गांधी से भेंट की। उनके साथ गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी थीं। मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने मीडिया से हमने उनसे एक शिष्टाचार मुलाकात की।

### अबुआ आवास में शिकायतों पर कार्रवाई का निर्देश

**रांची।** सीएमओ ने महत्वकांक्षी अबुआ आवास योजना में लगातार मिल रही गड़बड़ियों की शिकायत को गंभीरता से लिया है। सीएमओ ने इस संबंध में ग्रामीण विकास सचिव को पत्र भी लिखा है और शिकायतों की प्रति भी भेजी है। पत्र में नियमानुसार समुचित कार्रवाई करने और कृत कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट 15 दिनो के अंदर मांगी है।

### मनीष रंजन को नेशनल अवॉर्ड फॉर ई-गवर्नेंस

**रांची।** झारखंड कैडर के आइएएस मनीष रंजन को नेशनल अवार्ड फॉर ई–गवर्नेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह अवॉर्ड दिया गया। मनीष रंजन को यह अवॉर्ड झार जल योजना को झारखंड में बेहतर ढंग से लागू करने के लिए दिया गया है। पेयजल विभाग के सचिव पद पर काम करते हुए मनीष रंजन ने झारखंड में झार जल योजना को लागू कराया था।

### अजय के परिजन को भाजपा ने दिया एक लाख सौंपा

**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार को ओरमांझी में उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ में अपनी जान गंवा चुके अजय कुमार महतो के परिजनों से से भेंट कर पार्टी की ओर से एक लाख रुपये की सहायत राशि सौंपी।

### डॉ इश्तियाक के अल्ट्रासाउंड सेंटर का रजिस्ट्रेशन रद्द

**रांची।** रांची से गिरफ्तार अलकायदा के संदिग्ध आतंकवादी डॉ इश्तियाक अहमद के अल्ट्रासाउंड सेंटर मेडिकाना नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन रांची डीसी ने रद्द कर दिया है। डॉ इश्तियाक अहमद के आतंकी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर यह कार्रवाई की गयी है। रांची डीसी कार्यालय के अनुसार रांची के खलारी रोड बीजूपाड़ा, चान्हो स्थित मेडिकाना नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है।

### झारखंड भवन के उद्घाटन समारोह में कल्पना संग हेमंत भी मांदर की थाप पर झूमे

# दिल्ली में यह भवन झारखंड का प्रतिबिंब पेश करेगी : सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कनॉट प्लेस, नयी दिल्ली के बंगला साहिब रोड तमाम आधुनिक सुविधाओं से लैस नये झारखंड भवन का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को उदघाटन किया। झारखंड भवन के उद्घाटन के मौके पर राज्य की कला और संस्कृति की झलक पेश की गयी। इसमें उरांव आदिवासी नृत्य, मुंडा आदिवासी नृत्य, हो आदिवासी नृत्य, संथाली आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मांडर-नगाड़े की थाप पर पारंपरिक गीतों के साथ नृत्य भी किया गया। अन्य कलाकारों के साथ सीएम हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और सांसद जोबा मांझी ने भी पारंपरिक नृत्य किया। सीएम ने इस मौके पर कहा, यह इमारत भविष्य में झारखंड सरकार और उसके प्रयासों का देश की राजधानी में एक प्रतिबिंब प्रस्तुत करेगी।

**गौरव की बात :** इस मौके पर सीएम ने कहा कि यह भवन बहुत दिनों से प्रतीक्षारत था। इसका उदघाटन हमारे लिए गौरवान्वित होने की बात है। हमारी इस नयी इमारत में नई अत्याधुनिक तकनीकी जिसमें जिम, डाइनिंग हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल और पार्किंग की विशिष्ट सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। इमारत विशिष्ट तकनीक से सुसज्जित है। इसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग और एनर्जी एफिशिएंसी का भी विशेष ध्यान रखा गया है। (शेष पेज 11 पर)



### रांची में प्रंडलस्तरीय मंइयां सम्मान योजना कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी

# सीएम आज पांच जिलों की महिलाओं को देंगे सौगात

### रांची, खूंटी गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा की लाभुक लेंगी भाग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को रांची के नामकुम में पांच जिलों की महिला लाभुकों को सौगात देंगे। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि वितरण के लिए प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। आला अधिकारियों ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल नामकुम खोजाटोली के ट्रेनिंग ग्राउंड का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। इस कार्यक्रम में पांच जिलों रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा के लाभुक शामिल हैं।




कार्यक्रम स्थल ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली नामकुम में तीन लाख वर्ग फीट में लाभुकों के बैठने की व्यवस्था की गयी है।

**एक बजे से कार्यक्रम :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक निर्धारित है। प्रमंडल के पांचों जिले से आनेवाली लाभुकों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम स्थल में अलग-अलग जिले के लिए इन्क्लोजर बनाये गये हैं, जहां संबंधित जिले के अधिकारीगण, सेविका-सहायिका एवं सखी मंडल की दीदियों के निर्देश में लाभुक अपना निर्धारित स्थान ग्रहण करेंगे। हर इन्क्लोजर में लाभुकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था होगी। भोजन, पार्किंग, मीडिया आदि के लिए व्यवस्था को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को उपायुक्त द्वारा दिशा-निर्देश दिया गया।

(शेष पेज 11 पर)

## सुरक्षाबलों ने 9 नक्सलियों को मार गिराया

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच चली लंबी मुठभेड़ में 9 नक्सली मारे गये। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आइजीपी) सुंदरराज पी ने मुठभेड़ के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले की सीमा पर जंगल में सुरक्षा बलों के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े दस बजे दल का नक्सलियों से मुठभेड़ शुरू हो गयी। आइजीपी ने बताया कि क्षेत्र में पश्चिम बस्तर मंडल इकाई से संबंधित नक्सलियों की मौजूदगी के बारे गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद बाद डिस्ट्रिक रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए भेजा गया था।

## कांग्रेस नेता सह बिल्डर से मांगी एक करोड़ रंगदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कुख्यात गैंगस्टर अमन साव के नाम पर राजधानी में एक बार फिर एक बिल्डर सह कांग्रेसी नेता ईश्वर आनंद से एक करोड़ की रंगदारी मांगी गयी है। इस संबंध में जगन्नाथपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है। अमन साव गैंग के लिए काम करने वाले मयंक सिंह ने वाट्सप मैसेज और कॉल के जरिये रंगदारी मांगी है। बिल्डर आनंद को एक सप्ताह के भीतर एक करोड़ रुपये उपलब्ध करवाने की धमकी दी है। साथ ही पैसा नहीं मिलने पर हत्या करने की धमकी दी गयी है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गयी है। धमकी और रंगदारी की डिमांड से भयभीत कांग्रेस नेता ने रांची के जगन्नाथपुर थाना में एफआईआर दर्ज करवाया है। दर्ज एफआईआर में यह लिखा गया है कि अमन साव गिरोह के मयंक सिंह के द्वारा एक करोड़ की रंगदारी मांगी गई। फोन और मैसेज अंतरराष्ट्रीय नंबर के माध्यम से किया गया था।

**बहुत पैसा कमाये हो :** इस धमकी भरे पत्र में गैंगस्टर अमन साव ने लिखा है कि आप लोग अपार्टमेंट का निर्माण कराकर बहुत पैसे कमा लिये हैं। अब ज्यादा नाटक मत करो और गैंग के लिए एक करोड़ रुपये का एक सप्ताह के भीतर इंतजाम कर कॉल करो।


## चौथी पुण्यतिथि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।
अच्छेद्योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च। नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः।।



स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

Feb 27,1964 - Sept 04, 2020

संस्थापक खबर मन्त्र

ईश्वर से प्रार्थना है कि आपके आदर्शों व सद्विचारों की लौ हमारे जीवनपथ को निरंतर आलोकित करती रहे। आप जैसे अलौकिक ज्योतिर्पुंज को हम सबका शत - शत नमन।

श्रद्धानवत्

खबर मन्त्र परिवार

वन वृन्दावन कंस्ट्रक्शन परिवार


### प्रस्तावित एंटी रेप बिल बंगाल विधानसभा से पास

# रेप-हत्या मामले में दोषी को फांसी की सजा

### पुलिस को 21 दिन में पूरी करनी होगी जांच

### दोषी के मददगारों को भी पांच साल की सजा

**एजेंसी**

**कोलकाता।** कोलकाता रेप-मर्डर केस से देश भर चल रहे आक्रोश, ममता सरकार पर हमला की स्थिति को देखते हुए, सीएम की पहल पर पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रस्तावित एंटी रेप बिल मंगलवार को पास कर दिया है। इस बिल के लिए एक विशेष सत्र बुलाया गया था, जिसमें इसे चर्चा और स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया गया। इसके बाद विधानसभा में यह बिल सर्वसम्मती से पारित किया गया। इस परस्तावित बिल में रेप और हत्या करने वाले आपराधी को मामला दर्ज होने के बाद 36 दिनों के भीतर सजा-ए-मौत का प्रावधान होगा। 21 दिन में जांच पूरी करनी होगी। अपराधी के मददगारों को भी पर 5 साल की सजा होगी। सजा एसिड के मामले में भी आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। साथ ही पीड़िता की पहचान उजागर करने वालों के खिलाफ भी सख्त एक्शन लिया जायेगा। इसे अपराजिता बिल नाम दिया गया है।



#### अपराजिता बिल कैसे बनेगा कानून

अपराजिता विधेयक को पारित करने की प्रक्रिया में राज्यपाल और राष्ट्रपति की मंजूरी अनिवार्य होगी। विधानसभा अब विधेयक को राज्यपाल के हस्ताक्षर के लिए भेजेगा। इसके बाद, विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी प्राप्त करनी होगी ताकि इसे कानून का रूप दिया जा सके। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने इसे पारित कर दिया है। बंगाल सरकार इस बिल के माध्यम से इसे सशक्त बनाने की दिशा में काम करना चाहती हैं। इसका मकसद सिर्फ एक ही है, राज्य में महिलाओं और बच्चों के साथ हो रहे अपराध पर लगाम लगाना।

**फांसी की सजा का प्रावधान :** इस विधेयक में यौन हिंसा और हत्या के अपराधियों के लिए फांसी की सजा का प्रावधान शामिल है। विधेयक के तहत, यदि कोई व्यक्ति बलात्कार और हत्या का दोषी पाया जाता है। (शेष पेज 11 पर)

सुप्रभात

बुधवार 04.09.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 137

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ




स्पीड न्यूज

## सांसद ढुल्लू महतो मामले में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** जेवीएम के बैनर तले बरोरा में सड़क जाम कर आवागमन को बाधित कर देने के एक मामले में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो अदालत में हाजिर नहीं हुए। सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने अदालत से समय की याचना की अदालत ने गवाह पेश करने का आदेश दिया है। प्राथमिकी तत्कालीन थाना प्रभारी बरोरा बीडी सिंह की शिकायत पर 25 जून 2006 को बरोड़ा थाने में दर्ज की गई थी।

## नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार, सजा आज

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी अमर भूईंया को दोषी करार दिया है। सुनवाई के दौरान आरोपी अमर भूईया को 26 अप्रैल 24 को अदालत ने फरार घोषित कर दिया था। जिसकी अनुपस्थिति में ही अदालत ने उसे दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए बुधवार की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता के पिता के शिकायत पर एक दिसंबर 19 को कतरास थाने में दर्ज की गई थी।

## मजदूर समस्याओं को लेकर धकोकस का धरना 06 को

**कतरास।** बीसी सीएल ब्लॉक दो क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों की समस्याओं का निराकरण नहीं किये जाने एवं आश्वासन के द्वारा टालने के खिलाफ धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के ब्लॉक दो शाखा के द्वारा ब्लॉक दो जी एम कार्यालय के समक्ष 06 सितंबर दिन शुक्रवार से अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा. यह जानकारी धको क स के क्षेत्रीय सचिव सह सलाहकार समिति सदस्य उत्तम कुमार पांडे ने एक विज्ञप्ति में दी.

## दुर्घटना में बीडीओ का ड्राइवर व प्रमुख घायल

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर साहेबगंज हाइवे में ब्लॉक गेट के समीप सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घटना मंगलवार शाम 5 बजे की है। मोटरसाइकिल से बीडीओ के ड्राइवर संतोष मंडल एवं नानपुर प्रखंड के प्रमुख अंजना हेंब्रम नारायणपुर बाजार जा रहे थे। ब्लॉक गेट के समय विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल चालक सहदेव किसको ने ठोकर मार दिया जिसमें तीनों घायल हो गए। घायलों को बीडीओ की गाड़ी से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर लाया गया, जहां डॉक्टर ने इलाज उपरांत संतोष मंडल की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। वहीं प्रमुख अंजना हेम्ब्रम के कंधे में चोट आयी है एवं सहदेव किस्कु का इलाज सीएचसी नारायणपुर में चल रहा है।

'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार'

# डीसी पहुंची बिरहोरों के गांव चलकरी, सुनी उनकी पीड़ा

- लाभुकों के बीच की परिसंपत्तियों का वितरण
- समस्याओं के समाधान का अधिकारियों को निर्देश

विशेष संवाददाता





**धनबाद।** धनबाद की उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र मंगलवार को तोपचांची प्रखंड के बिरहोर बहुल गांव चलकरी पहुंचीं। कड़ी धूप और बाद में हुई वर्षा के बावजूद दुमदुमी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चलकरी में आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' शिविर में शामिल हुईं और उपस्थित महिलाओं के बीच घुलमिल कर बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनी और उसे दूर करने की बात कही। मुद्दत बाद गांव में अपने बीच जिले की उपायुक्त को पा इलाके के लोग फूले नहीं समा रहे थे। ग्रामीण महिलाओं ने डीसी सुश्री मिश्र का परंपरागत तरीके से स्वागत किया। उन्होंने शिविर का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। शिविर में पहुंचने पर उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

उपायुक्त सुश्री मिश्र ने चाहत आजीविका सखी मंडल, मां गायत्री आजीविका सखी मंडल एवं श्री गणेश आजीविका सखी मंडल के सदस्यों के बीच 12 लाख रुपए के चेक का वितरण किया। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण, बच्चों को अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, एसएचजी सदस्यों के बीच आइडेंटी कार्ड सहित अन्य परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। उन्होंने कहा कि आदिम बिरहोर जनजाति को केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं से अच्छादित करने के लक्ष्य और उन्हें अन्य कई योजनाओं से भी अच्छादित करने के उद्देश्य से चलकरी में शिविर का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि शिविर में सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगे हैं। लोगों को सभी स्टॉल में जाकर योजना की जानकारी लेकर उसका लाभ लेना चाहिए। इसके बाद उपायुक्त ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया। वहां उपस्थित लोगों से उनकी समस्या को सुना, उनके आवेदन लेकर संबंधित पदाधिकारी को उसका समाधान करने का निर्देश दिया।

### ये लोग भी थे उपस्थित

कार्यक्रम में उपायुक्त सुश्री मिश्रा के अलावा सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, प्रखंड विकास पदाधिकारी फणीश्वर रजवार, अंचल अधिकारी संजय कुमार सिंह, यूआईडी मैनेजर अमित कुमार सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा, विधायक टुंडी के प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, उप मुखिया श्रीमती सरिता देवी के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

# नारायणपुर में 5 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक मार्केटिंग कॉम्पलेक्स : डॉ इरफान

खबर मन्त्र संवाददाता

- मंत्री का यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है
- इस कॉम्प्लेक्स में लगभग डेढ़ सौ दुकानें होंगी, जहां महिलाएं अपने व्यवसाय स्थापित कर सकेंगी और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी



**जामताड़ा।** ग्रामीण विकास मंत्री, डॉ. इरफान अंसारी ने मंगलवार को नारायणपुर, जामताड़ा में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए 5 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स की सौगात जामताड़ा वासियों को दी। इस कॉम्प्लेक्स में लगभग डेढ़ सौ दुकानें होंगी, जहां महिलाएं अपने व्यवसाय स्थापित कर सकेंगी और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी। मंत्री का यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

डॉ. अंसारी ने कहा, 'महिलाओं को सशक्त बनाना समाज की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स के माध्यम से, महिलाएं न केवल अपने व्यवसाय को स्थापित कर सकेंगी, बल्कि उन्हें दुकान खोलने के लिए लोन भी उपलब्ध कराया जाएगा ताकि वे किसी भी आर्थिक बोझ से मुक्त रह सकें और आराम से अपना काम कर सकें।

महिलाओं ने मंत्री के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि मंत्री लगातार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कार्यरत हैं और उन्हें समाज में आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद कर रहे हैं।

# डीएवी स्कूल कोयला नगर में पंखा गिरने से दो छात्र जख्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

- परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप, कहा इस घटना के लिये विद्यालय के प्राचार्य तथा प्रबंधक जिम्मेवार हैं
- प्राचार्य ने कहा मामूली चोट लगी है

**धनबाद।** निजी स्कूल संचालक भारी भरकम फीस लेने के बाद भी बच्चों को सुरक्षा नहीं दे पा रहे हैं। बच्चे भगवान भरोसे ऐसे स्कूलों में पढ़ने को मजबूर हैं। मंगलवार को शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर में ऐसा ही मामला देखने को मिला। अपनी कक्षा में पढ़ाई कर रहे 5 सी के दो छात्र के ऊपर अचानक सीलिंग फैन गिर गया। इस घटना में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है तथा उसके नाक से खून आने लगा। देखते ही देखते पूरी क्लास में अफरा तफरी मच गई। वहां मौजूद 50 से अधिक बच्चे शोर मचाते हुए बाहर भगाने लगे। उसके बाद स्कूल प्रशासन हरकत में आया। जख्मी बच्चे को बीसीसीएल के केंद्रीय अस्पताल में ले जाया गया। उसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर जमकर आरोप लगाया। परिजनों ने कहा इस घटना के लिये सीधे सीधे विद्यालय के प्राचार्य तथा प्रबंधक जिम्मेवार है। क्योंकि जिस कारण यह हादसा हुआ यदि उसकी उचित देखभाल होती तो इस प्रकार के हादसा को टाला जा सकता था। इस प्रकार का रूटीन वर्क गर्मी की छुट्टियों में करने की बाध्यता होती है और इसी कारण गैर शैक्षणिक कर्मचारियों तथा प्रबंधन से जुड़े प्राचार्य सहित अन्य कर्मचरियों को गर्मी की छुट्टियां नहीं दी जाती है। लेकिन ये लोग कुछ नहीं करते हैं।

वहीं स्कूल के प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव ने कहा कि पाइप टूटने से फंखा गिर गया था। बच्चों को मामूली चोट आई थी, उनका इलाज कराने के बाद घर भेज दिया गया।

वहीं इस संबंध में जिला अभिभावक संघ के अध्यक्ष सचिन कुमार रंजन ने कहा कि इस घटना में दो बच्चे घायल हुए। घटना बहुत ही दुखद है। बुधवार को हमलोग स्कूल प्रबंधन से मिलकर बात करेंगे। उसके बाद ही बता पाएंगे कि घटना किसकी लापरवाही से हुई है। उस व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे।

# भादो अमावस्या महोत्सव का मंगलपाठ के साथ समापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** माई नारायणी लड्डो परिवार व मारवाड़ी महिला समिति द्वारा चिरकुंडा अग्रसेन भवन में राणी सती दादी जी का भादो अमावस्या का दो दिवसीय महोत्सव का समापन मंगला पाठ के साथ संपन्न हुआ। सर्वप्रथम राणी सती दादी जी का आलौकिक श्रृंगार किया गया व छप्पन भोग लगाया गया। मंगलपाठ में 151 महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा चुनरी उत्सव व गजरा उत्सव का भी आयोजन किया गया। पश्चिम बंगाल के रानीगंज से आयी स्वेता अग्रवाल द्वारा संगीतमय मंगलपाठ किया गया। उन्होंने मंगलपाठ के जरिए भजनों के साथ दादी जी के जन्म से सती होने तक की यात्रा वृतांत को बताया। उन्होंने पाठ के दौरान दादी जी का जन्म, शिक्षा, मेंहदी रस्म, विवाह सहित पूरी जीवनी का मंचन भी किया।

इसके पूर्व सोमवार की रात भजन संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें तीन बाणधारी भक्त मंडल के अनिल शर्मा, संजय शर्मा, गप्पु शर्मा आदि ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महोत्सव को सफल बनाने में मीरा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, मंजु अग्रवाल, संजू अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, संतोष अग्रवाल,ज्योति खरकिया, महेन्द्र अग्रवाल, टिंका गाडिया आदि थे।

# धनबाद जिले में 2551 आवेदनों का निष्पादन

- 1749 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मंगलवार को जिले में 2551 आवेदनों का निष्पादन किया गया। वहीं विभिन्न पंचायत, धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में आयोजित शिविरों में 15001 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें फोकस स्कीम के 7593 आवेदनों में 195 तथा बेनेफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम के 4307 में 394 आवेदन निष्पादित किए गए। वहीं 1749 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविरों में विभिन्न प्रकार की 213 शिकायतों का निवारण ऑन द स्पॉट किया गया। राज्य सरकार की 'फोकस स्कीम' में अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 412, अबुआ आवास के 5711, सर्वजन पेंशन 799, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 170, जाति 214, आवासीय 163 व आय प्रमाण पत्र के 124 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें सर्वजन पेंशन के 75, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 11, जाति प्रमाण पत्र के 63, आवासीय प्रमाण पत्र के 33 तथा आय प्रमाण पत्र के 13 आवेदनों को निष्पादित किया गया। वहीं *बेनेफिशरी ओरिएंटेड स्कीम* में वृद्धा पेंशन के 434, विधवा पेंशन 21, दिव्यांगजन पेंशन 17, आयुष्मान कार्ड 280, व्यक्तिगत वन पट्टा के 246 तथा 3309 अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इसमें वृद्धा पेंशन के 4, दिव्यांगजन पेंशन के एक, आयुष्मान कार्ड 77 तथा 312 अन्य आवेदन निष्पादित किए गए।

**आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार**

'शिकायत निवारण' में राजस्व अभिलेखों में संशोधन के 36, जन्म प्रमाण पत्र 16, मृत्यु प्रमाण पत्र में संशोधन 1, आधार कार्ड में संशोधन 315, राशन कार्ड में संशोधन के लिए 773 तथा बिजली सम्बन्धी समस्या के 74 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें आधार कार्ड में संशोधन के 137, राशन कार्ड में संशोधन के 68 तथा बिजली संबंधी समस्या के 8 आवेदन को निष्पादित किया गया।

शिविरों के दौरान 'ऑन द स्पॉट लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण' किया गया। जिसमें 41 लैमिनेटेड जाति प्रमाण पत्र, 20 छात्र/छात्राओं के बीच साईकिल क्रय हेतु प्रतीकात्मक चेक, 1680 एसएचजी / कलस्टर सदस्यों की बीच आइडेंटी कार्ड का वितरण तथा 8 लाभुकों के बीच धोती साड़ी लुंगी का वितरण किया गया किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चयन पर किया सम्मानित



**कतरास।** बाघमारा प्रखंड के बांसजोड़ा मधुबन निवासी बीसीसीएल कर्मी सुरेश रवानी के पुत्र लक्ष्मण कुमार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चयनित किये जाने पर लायंस क्लब बाघमारा सेंटिनल के सदस्यों ने उन्हें पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन लक्ष्मण रवानी, संतोष कुमार, शशिकांत शरण, दीपक प्रसाद इत्यादि उपस्थित थे।

# सुरक्षित और भयमुक्त माहौल में हो कारोबार

- व्यापारियों के साथ एसएसपी ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** व्यापारी सुरक्षित और भयमुक्त महौल में व्यापार कर सके इसे लेकर धनबाद पुलिस कई नए तरीके पर जोर दे रही है। इसी मामले में मंगलवार को एसएसपी एचपी जनार्दनन ने समाहरणालय सभागार में जिला चेम्बर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमे जिले की विधि व्यवस्था के संदर्भ में चर्चा की साथ ही व्यापारियों की समस्याओं को भी सुना। बैठक में जिला चेम्बर के पदाधिकारियों के अलावे जिले के सभी 56 चेम्बर के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक में एसएसपी ने जिला चेम्बर के समक्ष सभी 56 चेम्बर से एक - एक बाइक का सहयोग मांगा ताकि उनके क्षेत्र में बेहतर ढंग से पेट्रोलिंग हो सके और अपराध पर अंकुश लग सके। इसके अलावे प्रत्येक दुकान में दो सीसीटीवी कैमरा एक दुकान के अंदर और एक बाहर इंस्टॉल करने के निर्देश दिए इसके अलावे तकनीकी को बढ़ाने की दिशा में कैश काउंटर के पास मोशन सेंसर लगाने का भी सुझाव दिया। इसके अलावे किसी तरह के अपराध होने पर पुलिस की मदद लेने हेतु डायल नंबर 112 एवं साइबर अपराध की समस्या पर डायल नंबर 1930 की उपयोगिता से भी रूबरू कराया।

जिला चेम्बर की ओर से आज बैठक में पुलिस को पेट्रोलिंग के लिए बाइक देने की घोषणा जिला अध्यक्ष द्वारा की गई। साथ ही सड़कों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु डीएमएफटी फंड से उपलब्ध हो इसकी मांग को लेकर आगे उपायुक्त से वार्ता चेम्बर करेगा।

# रंजय सिंह हत्याकांड में जब्त वस्तुओं को अदालत में नहीं किया पेश?

- रंजय सिंह की हत्या 29 जनवरी 2017 को गोलियों से भूनकर कर दी गई थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधिश डीसी अवस्थी की अदालत में अभियोजन ने जब्त वस्तुओं को पेश नही किया। अदालत ने सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित को पुलिस द्वारा जब्त किए गए वस्तुओं, खून लगा कपड़ा, गोली का खोखा, को पेश करने का आदेश माल खाना प्रभारी को दिया है। सुनवाई के दौरान जेल में बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया। वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की। रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह 8 अगस्त से जेल में बंद है ! पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत में चार्जशीट दायर किया था। जबकि चंदन शर्मा, हरेन्द्र सिंह के विरूद्ध अनुसंधान जारी रखा है। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी।

## 90 दिनों तक जिला में हुआ पौधरोपण

# धनबाद को प्रदूषण मुक्त बनाना हमारा लक्ष्य : डीसी






खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** स्थानीय न्यू टाउन हॉल में आज नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण उत्सव का समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, वन्य प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल समेत सिंफर के डायरेक्टर, आईआईटी धनबाद के प्रोफेसर, बीबीएमकेयू के कुलपति ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त ने बताया कि नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत नगर निगम ने 90 दिनों का पर्यावरण उत्सव मनाया। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू हुए इस उत्सव कार्यक्रम में जिला में वृहत पैमाने पर पौधारोपण किया गया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से बीसीसीएल द्वारा खनन क्षेत्र में बनाये गये इको पार्क में धनबाद के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को भ्रमण कराया गया। इस अवधि में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों में पेंटिंग, डिबेट, इंटर स्कूल प्रोजेक्ट मेकिंग, आर्ट इंस्टॉलेशन, हैप्पी स्ट्रीट, नुक्कड़ नाटक, फ्लैश मॉब सहित कई अन्य प्रतियोगिता करायी गयी।नगर आयुक्त ने बताया कि एयर पॉलियूशन कम करने के दिशा तकनीकी मदद ली जा रही है। कई आधुनिक मशीने खरीदी गई हैं और भी खरीदे जा रहे हैं।

उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने बताया कि 90 दिनों का यह जो पर्यावरण उत्सव मनाया गया। इसके पीछे का मकसद पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक बनाना है। धनबाद को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में यह एक अच्छी पहल है। जिसको लेकर जिला प्रशासन एवं धनबाद नगर निगम लगातार प्रयास कर रहा है। जिसके नतीजे हमें देखने को भी मिले हैं। रिपोर्ट्स की बात करें तो धनबाद में पहले की तुलना में प्रदूषण में कमी आयी है। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले दिनों में हम सभी मिलकर धनबाद को प्रदूषण मुक्त बनाएं। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत आज के इस पर्यावरण उत्सव के कार्यक्रम में 16 स्कूलों से पार्टिसिपेट करने वाले बच्चों ने क्लीन एयर पर अपना अपना मॉडल प्रदर्शित किया। जिसे उपायुक्त द्वारा सराहा भी गया। उपायुक्त ने कहा कि यह बच्चे धनबाद के भविष्य हैं उनकी प्रतिभा और सोच एक दिन अवश्य धनबाद को प्रदूषण मुक्त की ओर ले जाएगी।

### मौके पर ये लोग रहे मौजूद

मौके पर नगर आयुक्त रविराज शर्मा, अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसुन्न कौशिक समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं स्कूल और कॉलेज के बच्चे मौजूद रहे।

## जालसाजी के आरोपी को तीन वर्ष कैद की सजा

धनबाद। जालसाजी कर पिकअप वैन को बेच देने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया । धनबाद के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी की अदालत ने सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित की दलील सुनने के बाद आरोपी महुदा बस्ती निवासी सिराजुद्दीन अंसारी को तीन वर्ष की कैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है । प्राथमिकी महुदा निवासी मालती देवी के शिकायत पर 15 नवंबर 20 को दर्ज की गई थी । प्राथमिकी के मुताबिक मालती देवी ने अपने पिकअप वैन को चलाने के लिए सिराजुद्दीन अंसारी को दिया था 10 नवंबर 20 की सुबह सिराजुद्दीन पिकअप वैन को यह कह कर ले गया कि इस पर सब्जी को लोड करके डेहरी ऑन सोन ले जाना है जब मालती देवी ने ड्राइवर को फोन करके लोकेशन लेने का प्रयास किया तो पहले तो सिराजुद्दीन ने उसे बताया कि सब्जी लोड नहीं हुआ भागलपुर लेकर जा रहे हैं ।फिर रात मैं बताया कि गाड़ी चोरी हो गई है फिर सिराजुद्दीन ने बताया कि अपराधियों ने गाड़ी लूट लिया है जिस पर मालती देवी ने सिराजुद्दीन पर मुकदमा दर्ज कराया । अनुसंधान के दौरान यह पता चला कि सिराजुद्दीन अंसारी ने उपरोक्त मालती देवी के पिकअप वैन को बिहार ले जाकर बेच दिया । बांका पुलिस ने शराब के साथ उक्त गाड़ी को पकड़ा था अनुसंधान के बाद पुलिस ने 8 नवंबर 21 को सिराजुद्दीन के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था 14 जून 22 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी अभियोजन ने इस मामलेमें आठ गवाहों का परीक्षण कराया था।

# दुमका : एसकेएमयू ने नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर का परिणाम जारी

**नवनियुक्त शिक्षकों से विभिन्न अंगीभूत कॉलेज, नव निर्मित डिग्री, मॉडल और महिला कॉलेजों में शिक्षकों की कमी हुई दूर : कुलपति**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों के लिए चल रही नियुक्ति में 17 विषयों का परिणाम घोषित कर दिया। परिणाम घोषित करते हुए कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने कहा कि इस नियुक्ति से विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी काफी हद तक दूर हो जाएगी। अंगीभूत कॉलेजों के साथ विभिन्न नवनिर्मित डिग्री, महिला एवं मॉडल कॉलेजों में पठन-पाठन सुचारू रूप से चलेगा। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय ने मार्च माह में कुल 18 विषयों में 273 आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया था। जिसके खिलाफ करीब 3 हजार अभ्यार्थियों ने चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया था। मंगलवार को राजनीति विज्ञान को छोड़ कर अन्य विभिन्न 17 विषयों का परिणाम प्रकाशित किया गया है। जिसमें विभिन्न विषयों में कुल 214 अभ्यार्थियों का चयन हुआ है। जबकि कुछ विषयों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यार्थी नहीं मिलने के कारण सीटें रिक्त रह गईं। नियुक्ति के साथ ही विश्वविद्यालय ने सभी को विभिन्न कॉलेजों या विभागों में पोस्टिंग भी कर दिया है। नियुक्त अभ्यार्थियों को 15 दिनों के अंदर संबंधित कॉलेज या विभाग में कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अधिकतर प्राध्यापकों की नियुक्ति नव निर्मित मॉडल, महिला और डिग्री कॉलेजों में की गई है। चयनित प्राध्यापकों को मानदेयझारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा निर्गत विभिन्न संकल्पों के अनुरूप देय होगा। इस अवसर पर कुलपति के अतिरिक्त कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, वित्त पदाधिकारी डॉ बिजय कुमार, जनसंपर्क पदाधिकारी दीपक कुमार आदि उपस्तिथ थे।

# थाना में फरियादी को सम्मान मिलना चाहिये : जयमंगल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह बेरमो थाना पहुंचे। कहा कि थाना में फरियादी को सम्मान मिलना चाहिए। पुराने पुलिस पदाधिकारी इसे नए पुलिस पदाधिकारियों से सुनिश्चित कराएं। समस्याओं का भी यथोचित निदान करें। जनता से मैत्री संबंध बनाकर अपराधों पर भी अंकुश लगेगा। सोमवार को औचक बेरमो थाना पहुंचे विधायक ने यह बातें कही। बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह व महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी मौजूद थे। विधायक खासकर महिला थाना पहुंचे थे। डुमरी विस क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह थाना क्षेत्र की एक नाबालिग, जो फिलहाल अपने मामा घर में रह रही है, अपने ही पिता व सौतेली मां से प्रताड़ना मामले में कार्रवाई रूक जाने के कारण जानकारी लेने पहुंचे थे। विधायक ने नावाडीह के ही पेंक की नवविवाहिता हेमंती देवी की भी फरियाद सुनकर महिला थाना प्रभारी को गंभीरता से लेने की बात कही। विधायक ने कहा कि महिला थाना में महिलाओं की ही पीड़ा को प्राथमिकता देकर निष्पादन किया जाये। पेटरवार प्रमुख शारदा देवी को भी पाकर विधायक ने कहा कि आप एक महिला जनप्रतिनिधि हैं, जितना हो सके महिलाओं के दुख-दर्द को बांटकर न्याय की लड़ाई में उनका साथ दीजिए।

## वज्रपात पीड़ितों का सुध लेने पहुंचे माधव लाल

बेरमो/गोमिता। राज्य के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह वज्रपात से पीड़ित महिलाओं से मिले और अपनी ओर से आर्थिक मदद की। बता दें कि गोमिया प्रखंड के हुरलुंग करमाटांड गांव में वज्रपात की चपेट में आने से 7 महिलाएं घायल हो गई थी। लोग खेत के पास मवेशी चरा रहे थे तभी बारिश शुरू हो गई। उसी समय वज्रपात हुई जिसमें सात लोग झुलस गए।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

निविदा अधिसूचना सं.: सीटीजी-मिल्कस्टॉल-5-आरएनसी-5, दिनांक: 02.09.2024; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार है: **कैटरिंग यूनिट:** मिल्क स्टॉल- 5; **स्टेशन:** रांची। **स्थान:** प्लेटफॉर्म नं. 4/5। **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य (अनंतिम):** रु. 47,226; **बयाना राशि:** रु. 12,300; **निविदा की कीमत:** प्रत्येक कैटरिंग यूनिट के लिए निविदा हेतु रु. 2,500 साथ में 18% जीएसटी। **संविदा की अवधि:** 5 वर्ष। (1) सम्पूर्ण बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) होगी। इस निविदा सूचना दिनांकित 02.09.2024 के संबंध में सभी अधिसूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई है। (2) बोली दस्तावेज दिनांक 02.09.2024 से 24.09.2024 तक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा तथा वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। (3) बोलियां दिनांक 02.09.2024 से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में जमा की जा सकती हैं। बोली जमा करने की अंतिम तारीख 24.09.2024 को अपराह्न 03.00 बजे तक है तथा दिनांक 24.09.2024 को अपराह्न 3.30 बजे खोली जाएंगी। (PR-553)



**CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
Fuelling Sustainable Growth

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 06/2024-25/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-03.09.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/KODERMA /18/2024-25 | प्रखण्ड मरकच्चो अंतर्गत ग्राम पंचायत चोपनाडीह में बैंक ऑफ इंडिया मोड़ आर०डब्लयू०डी० रोड से डेंगन राणा के घर तक एवं गायत्री चेतना केन्द से राधा कृष्ण मंदिर एवं पूरब नाला होते हुए आर०ई०ओ० रोड के पुल तक पथ का निर्माण कार्य। (लं०–2.000 कि०मी०) | 2,27,81,400/- | दो करोड़ सताईस लाख एकासी हजार चार सौ रू० मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| 2. | RWD/KODERMA /19/2024-25 | प्रखण्ड मरकच्चो अंतर्गत मरकच्चो थाना के बगल से पंचाल मण्डप होते हुए पपहरा रोड तक पथ का निर्माण कार्य। (लं०–2.100 कि०मी०) | 2,37,36,700/- | दो करोड़ सैंतीस लाख छत्तीस हजार सात सौ रू० मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| 3. | RWD/KODERMA /20/2024-25 | प्रखण्ड डोमचांच अंतर्गत ग्राम पंचायत मधुबन भाया ग्राम सिमरिया का अम्बेदकर भवन होते हुए मेन रोड सेरोन तक पथ निर्माण कार्य (लं०–1.020 कि०मी०) | 1,17,64,700/- | एक करोड़ सतरह लाख चौसठ हजार सात सौ रू० मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| 4. | RWD/KODERMA /21/2024-25 | प्रखण्ड डोमचांच अंतर्गत ग्राम भेलवाटांड में राजु यादव के घर से देवी मण्डप एवं श्मशान घाट होते हुए उत्क्रमित विद्यालय घरबरियाबर तक पथ का निर्माण कार्य (लं०–1.020 कि०मी०) | 1,12,37,900/- | एक करोड़ बारह लाख सैंतीस हजार नौ सौ रू० मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| 5. | RWD/KODERMA /22/2024-25 | प्रखण्ड सतगांवां अंतर्गत मध्य विद्यालय अम्बाबाद से यू०एम०एस० विद्यालय पोतुडीह तक पथ निर्माण कार्य। (लं०–1.250 कि०मी०) | 1,45,40,800/- | एक करोड़ पैंतालीस लाख चालीस हजार आठ सौ रू० मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| 6. | RWD/KODERMA /23/2024-25 | प्रखण्ड सतगांवां अंतर्गत पंचायत कोठियार आर०ई०ओ० रोड से धुरशाही तक पथ निर्माण कार्य। (लं०–3.100 कि०मी०) | 3,39,92,900/- | तीन करोड़ उनचालीस लाख बानवे हजार नौ सौ रू० मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–10.09.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–20.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–23.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.334557 Rural Work Department(24-25):D


# अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा प्रशासन : उपायुक्त बोकारो

**आहर्ता पूर्ण करने वाले सभी को मिलेगा लाभ**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को कसमार व गर्री पंचायत की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में डीसी विजया जाधव, डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद, प्रमुख नियोती कुमारी, जिप सदस्य अमरदीप महराज बीडीओ अनिल कुमार सीओ सुरेश कुमार सिन्हा से मौजूद थे।

शिविर में सभी विभागों द्वारा लगाए गएं स्टॉल का उपायुक्त, उप विकास आयुक्त समेत अन्य प्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया एवं प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदन को ऑन स्पॉट निराकण लाभुकों के बीच परिसंपत्ती स्वीकृति पत्र का वितरण किया। इस दौरान जाधव ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करते हुए हर व्यक्ति को संबंधित योजनाओं से अच्छादित करना है। उन्होंने कहा कि शिविर में जिस उम्मीद व भरोसे से जन सैलाब उमड़ा हैं जिला प्रशासन आप सबों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। सभी आहतार्पूर्ण करने वाले लोगों को योजनाओं से अच्छादित किया जाएगा। हर जरूरतमंद को योजना का लाभ मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि कार्यों का निष्पादन योजनाबद्ध तरीके से करें ताकि कहीं किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो।

## गोड्डा एसडीपीओ ने अपराध गोष्टी मे दिये कई दिशा-निर्देश



**गोड्डा।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोड्डा जे पी एन चौधरी ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध समीक्षा बैठक मे पुलिस निरीक्षक के साथ थाना प्रभारियों के साथ विधि व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की। जिसमें, जिसमें लंबित कांडों की समीक्षा की गई। एंटी क्राइम में बाइक को चेकिंग करने का निर्देश दिया गया। जो भी वारंटी फरार हैं उसे पकड़ने का निर्देश दिया और नशा के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## स्पीड न्यूज

### उच्च विद्यालय मोतिया मे सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन



गोड्डा। मोतिया ओपी अंर्तगत उच्च विद्यालय, मोतिया में मंगलवार को सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी मोतिया ओपी महेंद्र पंडित ने उक्त कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों/ छात्र व छात्राओं को डायल 112 के महत्त्व, साइबर क्राइम, महिलाओ से संबंधित अपराध, सड़क सुरक्षा के महत्त्व समझाते हुए सभी जिम्मेदारी के साथ ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील के साथ साथ ट्रैफिक नियम एवं उसके विरुद्ध किए जाने वाले दंड के संबंध में जानकारी दी गई। दोपहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग करने और उसके महत्व को समझाया गया। अपनी वाहनों को नियमित रूप से चेकिंग कर हॉर्न ब्रेक लाइट जैसी आवश्यक वस्तुओं की जांच कर उन्हें आवश्यक्तानुसार उसका उपयोग किया जा सके।

### ट्रेन से गिरकर महिला की मौत, शिनाख्त नही

हंसडीहा । हंसडीहा दुमका रेलखंड पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट हॉल्ट के समीप एक महिला की ट्रेन से गिरने से मौत हो गई है। मृत महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को एक महिला हॉल्ट के किनारे बेहोशी की हालत में गिरी पड़ी थी इसी बीच हॉल्ट पर खड़े यात्रियों की नजर उक्त घायल महिला पर पड़ी जिसके बाद लोगों द्वारा एम्बुलेंस बुलाकर घायल महिला को ईलाज के लिए स्वास्थ केंद्र सरैयाहाट भेजवाया गया जहां चिकित्सकों ने उक्त घायल महिला को मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस स्वास्थ केंद्र सरैयाहाट पहुंची जहां शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया गया है साथ ही सोशल मीडिया एवं अन्य श्रोतो से मृत महिला की पहचान कराने में जुटी हुई है। वहीं उन्होंने बताया कि 72 घंटे के लिए शव को शीत गृह में रखा गया है।

### दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म, बंगाल का आरोपी गिरफ्तार

शिकारीपाड़ा। दुमका जिला के शिकारपाड़ा थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मशार कर देने वाला मामला सामने आया है। 26 वर्षीय युवक के खिलाफ 13 वर्षीय दिव्यांग मूकबधिर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है।,यह पुरा मामला सोमवर देर शाम की है। जब एक युवक को 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करते हुए पकड़ा गया है। गिरफ्तार युवक पश्चिम बंगाल के मोहम्मद बाजार थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव निवासी सतीश हांसदा है। मामले में शिकारीपाड़ा थाना की पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सतीश हांसदा को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। बताते चले की पीड़ित दिव्यांग किशोरी मुख बधिर है। किशोरी की मां के बयान पर शिकारीपाड़ा थाना में मामला दर्ज किया गया है। युवक को कुलकुल डंगाल से गिरफ्तार किया गया है।

# साहिबगंज डीसी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती ने मंगलवार को साहेबगंज सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं और चिकित्सा सेवाओं का गहनता से जायजा लिया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता को परखना और उनकी समस्याओं का समाधान करना था। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल के कई महत्वपूर्ण हिस्सों का दौरा किया। इनमें हेल्पडेस्क, सामान्य वार्ड, आपातकालीन वार्ड, एक्स-रे लैब, ओपीडी, और एआरटी सेंटर शामिल थे। एआरटी सेंटर का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने एड्स मरीजों के लिए दवाइयों की उपलब्धता की जांच की और इस बात का विशेष ध्यान रखा कि मरीजों को कोई दिक्कत न हो। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई मरीज अब तक आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत नहीं हो पाए हैं। इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत अधिक से अधिक मरीजों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, आयुष्मान केंद्र, हेल्पडेस्क, और अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी देने के लिए डिस्प्ले बोड्र्स लगाने का भी आदेश दिया।

# साहिबगंज : ईवीएम व वीवीपैट मशीनों की एफएलसी की प्रक्रिया जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच ( एफ एल सी ) की प्रक्रिया दूसरे दिन भी जारी रही। जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह उपायुक्त हेमंत सती की निगरानी में साहेबगंज के ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम में यह महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है।

जांच प्रक्रिया के दौरान, ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का सावधानीपूर्वक निरीक्षण किया जा रहा है ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की तकनीकी या भौतिक गड़बड़ी को रोका जा सके। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मशीनों की सफाई और तकनीकी परीक्षण किया जा रहा है। हेमंत सती ने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिया कि वे पूरी सतर्कता के साथ स्ट्रॉन्ग रूम की निगरानी करें और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तत्पर रहें। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि स्ट्रॉन्ग रूम के प्रवेश द्वार पर तैनात जवानों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखनी चाहिए। एफ एल सी की यह प्रक्रिया 11 सितंबर तक चलेगी, जिसके दौरान सभी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की पूरी तरह से जांच की जाएगी। इसके तहत, मशीनों के तकनीकी और भौतिक हिस्सों का निरीक्षण किया जा रहा है, जिसमें मशीनों की सफाई, मॉक पोलिंग, और सभी आवश्यक तकनीकी परीक्षण शामिल हैं।

# बोकारोः बीएसएल में डीआई ने किया डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सॉल्यूशन का उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में परियोजनाओं की ऑनलाईन निगरानी हेतु निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सॉल्यूशन के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का शुभारम्भ किया गया। डीपीएमएस के उद्घाटन सत्र में आरएमएचपी के वैगन टिपलर 04 का उन्नयन परियोजना के प्रथम चरण का अनुमोदन निदेशक प्रभारी के द्वारा किया गया। निदेशक प्रभारी तिवारी ने अपने उद्घाटन सत्र में सुझाव दिया कि अब से सभी पूंजीगत व्यय का प्रोसेसिंग डीपीएमएस प्रणाली द्वारा की जानी चाहिए। मौके पर ईडी सीआर महापात्रा सुरेश रंगानी राजन प्रसाद जॉयदीप दासगुप्ता अनूप कुमार प्रभारी बीजीएच डॉ बीबी करुणामय के साथ वरीय अधिशासीगण उपस्थित थे। पूरे सेल के लिए डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सॉल्यूशन का रखरखाव मैन्सीकॉम कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा है जो कि बेंटले सिस्टम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के 'एनपल्स' सिस्टम पर आधारित है। सभी परियोजनाओं का प्रबंधन अब डिजिटल मंच पर आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सेल का डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सॉल्यूशन एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो कि परियोजना प्रबंधन के योजना निष्पादन निगरानी और रिपोटिंग की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने में मदद करता है। डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्रणाली के द्वारा एकीकृत अनुमोदन प्रक्रियाएं पारदर्शी निरीक्षण केंद्रीकृत डेटा संग्रहण सुव्यवस्थित विलंब विश्लेषण के साथ एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टूल एस कर्व फीचर भी शामिल है।

## बालिडीह : सड़क दुर्घटना में पंचदेव प्रसाद यादव की मौत



**बेरमो/कथारा।** रामगढ़-बोकारो मुख्य पथ पर बालीडीह थाना के समीप 2 सितंबर की संध्या हुई सड़क दुर्घटना में गायत्री परिवार कथारा के पंचदेव प्रसाद यादव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उनके साथ बाइक चला रहे गायत्री परिवार नावाडीह निवासी धनेश्वर महतो की भी अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही मौत हो गई। घटना के बाद गायत्री परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा**
**(जिला नीलाम पत्र शाखा)**

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नीलाम पत्र शाखा समाहरणालय भवन, चतरा द्वारा निम्नलिखित बकायेदारों को नोटिस दिये जाने के बावजूद निर्धारित तिथि को उन्होंने न ही अपना पक्ष रखा और न ही बकाया राशि जमा किया गया।

अतः आदेश दिया जाता है कि निम्नलिखित निर्धारित तिथि एवं समय पर (कॉलम 7) जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा उनके विरूद्ध राशि वसूली की धारा– 038 के तहत नियमानुसार वारंट निर्गत कर राशि वसूली की जायेगी। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी बकायेदारों की होगी।

| क्र. सं. | नाम | वाद संख्या | राशि | बैंक | पूर्व में निर्धारित तिथि | अगली निर्धारित तिथि समय–11:30 पूर्वाह्न |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | श्रीमति कंचन कुमारी, पति–श्री सतीश कुशवाहा | 1932 / 21–22 | 6,24,000 / – | बैंक ऑफ इंडिया, शहरजाम | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 02 | श्रीमति सुनिता कुमारी, पति–श्री प्रमोद कुमार | 1933 / 21–22 | 5,76,000 / – | बैंक ऑफ इंडिया, चतरा | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 03 | श्री सीता देवी, पिता–श्री कैलेश्वर सिंह | 1944 / 21–22 | 9,24,000 / – | एबीआई कान्हाचट्टी | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 04 | श्रीमति रवीना देवी, पति–श्री राजेन्द्र राम | 1945 / 21–22 | 6,000,00 / – | झा0 राज्य ग्रा0 बैंक, चतरा | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 05 | श्रीमति रवीना देवी, पति–श्री राजेन्द्र राम | 1947 / 21–22 | 8,04,000 / – | झा0 राज्य ग्रा0 बैंक, चतरा | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 06 | श्रीमति अनीता देवी, पति–श्री प्रभु पाण्डेय | 1949 / 21–22 | 6,000,00 / – | बैंक ऑफ इंडिया, चतरा | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 07 | श्रीमति सुचिता देवी, पति–श्री महेन्द्र कुमार | 1950 / 21–22 | 24,84,000 / – | पंजाब नेशनल बैंक चतरा। | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 08 | श्री दिलिप दास, पिता–श्री शिवनंदन दास | 1968 / 21–22 | 5,40,000 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 09 | श्रीमति अनिता देवी, पति–श्री रूपचंद प्रजापति | 1973 / 21–22 | 9,60,000 / – | झा0 राज्य ग्रा0 बैंक, प्रतापपुर | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 10 | श्रीमति रेणु देवी, पति–श्री मुन्ना पासवान | 1975 / 21–22 | 5,40,000 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 11 | श्रीमति बिनती देवी, पति–श्री बंधु रविदास | 1992 / 22–23 | 17,40,000 / – | आईडीबी आई बैंक,चतरा | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 12 | श्री लक्ष्मण कु0 घांसी, पति–श्री दशरथ घांसी | 196 / 19–20 | 2,93,486 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा, | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 13 | श्री अनिल कुमार सिंह, पति–बृजनन्दन सिंह | 114 / 17–18 | 33,85,561 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 14 | श्री रजनीकांत कु सिंह, पिता–सत्येन्द्र कुमार सिंह | 92 / 17–18 | 11,53,580 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 15 | श्रीमति आसिया खातुन, पति–मो0 शमीम अहमद | 362 / 17–18 | 12,98,807 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 16 | श्री कमलेश प्रजापति, पिता–श्री जवाहर प्रजापति | 123 / 18–19 | 9,74,479 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 17 | श्री सियाराम सिंह, पिता–श्री अर्जुन सिंह | 115 / 17–18 | 5,83,965 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 18 | राम रंजन व श्याम सुन्दर शर्मा | 124 / 17–18 | 7,15,517 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 19 | श्रीमति अनिता कुमारी, पति–श्री मनीष कुमार | 363 / 17–18 | 1,60,255 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 20 | श्रीमति अनिता कुमारी, पति–श्री मनीष कुमार | 365 / 17–18 | 83,784 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 21 | श्री संतोष कुमार सिंह, पति–राजमोहन सिंह | 135 / 17–18 | 6,39,813 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 22 | श्रीमति मनीषा कुजूर, पति–श्री कृष्णा उरांव | 199 / 17–18 | 2,41,560 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 23 | मो0 इम्तियाज, मो0 मुस्लिम राय | 198 / 17–18 | 85,468 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 24 | श्री चिन्तामनी साहू, पिता–श्री रामप्योर साहू | 09 / 18–19 | 3,55,765 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 25 | श्री सूरज प्रकाश, पिता–श्री डिल्लु राम | 1925 / 21–22 | 10,80,870 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 26 | श्री दयानंद दास, पिता–श्री पदारथ दास | 1921 / 21–22 | 5,47,114 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 27 | मो0 परवेज, पिता– मो0 जलील | 1923 / 21–22 | 5,17,521 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 28 | श्री रविन्द्रनाथ सिंह, पिता–श्री जय नारायण दास | 2006 / 23–24 | 6,91,186 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 29 | बसंत कुमार साव, पिता–श्री सुखदेव साव | 2003 / 23–24 | 9,75,256 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 30 | उपेन्द्र कुमार यादव, पिता–श्री बालेश्वर यादव | 01 / 18–19 | 7,61,224 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 31 | सुरेश कुमार साव, पिता–श्री अर्जुन साव | 03 / 18–19 | 6,38,067 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 32 | सुनील कुमार घांसी, पिता–श्री निर्मल घांसी | 195 / 19–20 | 3,86,039 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 33 | श्री सुखदेव साव, पिता– स्व0 जीवन साहु | 198 / 19–20 | 7,51,309 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 34 | श्री धनेश्वर विश्वकर्मा, पिता–श्री दशरथ विश्वकर्मा | 194 / 19–20 | 2,55,893 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 35 | श्री बिनय कुमार, पिता–श्री नरेश दास | 189 / 19–20 | 1,82,651 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 36 | श्री इन्द्रदेव प्र0 यादव, पिता–श्री नेमधारी यादव | 05 / 18–19 | 1,68,023 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 37 | श्री मंगल कुमार, पिता–श्री बिरजु साव | 06 / 18–19 | 87,697 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 38 | मो0 मुस्ताक, पिता– मो0 मुमताज | 07 / 18–19 | 3,68,387 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 39 | सूरज कुमार राम, पिता–श्री हिरामन राम | 08 / 18–19 | 5,51,331 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |

जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी,
चतरा

PR 334491 District (24-25)_D

# विकास दर में गिरावट

अप्रैल और जून 2024 के बीच की अवधि में जीडीपी की वास्तविक सालाना वृद्धि 6.7 फीसदी रही। इसे गिरावट के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि पिछली तिमाही में जीडीपी में सालाना 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में यह 8.2 फीसदी अधिक थी। ताजा आंकड़े अनुमान से कम हैं क्योंकि रिजर्व बैंक ने समान अवधि में वृद्धि के 7.1 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। यह सवाल स्वाभाविक तौर पर पूछा जाएगा कि क्या रिजर्व बैंक का 7.2 फीसदी सालाना वृद्धि का अनुमान हासिल हो सकेगा या नहीं? बहरहाल, अभी यह अनुमान लगाना बहुत आसान होगा कि हम वृद्धि की गति पूरी तरह खो चुके हैं। आंकड़ों की गहराई से पड़ताल कुछ आशाएं जगाती है कि इन अनुमानों को हासिल किया जा सकता है। सकल मूल्यवर्धन में इजाफा हुआ है। जीडीपी के दो सबसे प्रभावी घटक जिनकी वजह से तुलनात्मक मंदी आई है, वे हैं सरकारी व्यय और कृषि। इन दोनों के लिए क्षेत्रवार मुद्दे हैं। यह चुनावी साल था और यह संभव है कि आदर्श आचार संहिता ने सरकारी व्यय को उन सप्ताहों में प्रभावित किया हो जब चुनाव प्रचार चल रहा था। जीडीपी में सरकारी व्यय की खपत इस तिमाही में एक अंक में रह गई। अनुमान के मुताबिक अब जबकि सरकार बन चुकी है और पूरे वर्ष का बजट भी पेश किया जा चुका है तो सरकारी व्यय भी सामान्य हो जाएगा। विशुद्ध कर वृद्धि भी इस तिमाही में कम रही। इसमें सालाना 4.1 फीसदी की धीमी वृद्धि दर्ज की गई। यह आकलन 2011-12 के स्थिर मूल्यों पर किया गया। 2023-24 में समान तिमाही में यह वृद्धि 7.9 फीसदी थी। कृषि अवश्य मॉनसून पर निर्भर है। अगस्त के महीने में हमें कुछ अतिरिक्त बारिश देखने को मिली लेकिन मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि सितंबर में सामान्य बारिश होगी।


# जातीय जनगणना के तर्क

जातीय जनगणना के प्रस्ताव के समर्थकों का कहना है कि पिछली जातीय जनगणना सन 1931 में हुई थी जब देश औपनिवेशिक शासन के अधीन था। स्वतंत्रता के बाद देश की नीतियों में समानता और सामाजिक न्याय का आधार यही है। इसने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में चले आ रहे भेदभाव को समाप्त करने की जमीन तैयार की। इस नजरिये से देखा जाए तो मौजूदा दौर में भारतीय समाज की जातीय स्थिति यदि स्पष्ट हो तो निर्णय प्रक्रिया को बेहतर और कम विवादास्पद बनाया जा सकता है। कम से कम सामाजिक नीतियां तैयार करने में यह सहायक होगा। जातीय जनगणना के मामले में पहली बाधा व्यावहारिक है। दशक में एक बार होने वाली जनगणना में पहले ही काफी देर हो चुकी है। उसका प्रारूप और सॉफ्टवेयर दोनों तैयार हैं इसलिए इसमें नया तत्त्व शामिल करने से देरी बढ़ेगी। दूसरी दिक्कत यह है कि जातीय समीकरण को लेकर सटीक जानकारी कमोबेश अन्य सरकारी आंकड़े जुटाने की कवायद से जुटाई जा सकती है। उदाहरण के लिए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ)। यह भी स्वीकार करना होगा कि जनगणना के उलट एनएसएसओ के आंकड़े सर्वे आधारित हैं। जनगणना देश में मौजूद हर व्यक्ति की गिनती करती है। एनएसएसओ के जातीय आंकड़े मंडल आयोग की सन 1980 में आई रिपोर्ट से बहुत मिलते हैं। देश में मौजूदा आरक्षण नीति की बुनियाद वही रिपोर्ट है। जातीय जनगणना से दूरी बनाकर रहने की सबसे बड़ी वजह भारत की जातीय राजनीति की कमियों में निहित है। चाहे जो भी नई जनगणना का आधार हो राजनीतिक लाभ की इच्छा नहीं होनी चाहिए क्योंकि इससे केवल जातिवाद को ही बढ़ावा मिलेगा। यहां दो मसले हैं: सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों की जटिलता और उनका एक दूसरे पर आरोपित होना।

# यौन दुष्कर्म के मामले और राष्ट्रपति की चिंता

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर की अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या की शर्मनाक घटना पर राष्ट्रपति की पीड़ा ध्यान देने योग्य है। उन्होंने बहुत दर्द भरे शब्दों में कहा कि मैं निराश और भयभीत हूं। 09 अगस्त को कोलकाता में हुई इस दर्दनाक घटना के बाद उनका यह पहला बयान है। उन्होंने स्पष्ट लिखा कि कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों पर इस तरह के अत्याचार की अनुमति नहीं देता। देश के साथ-साथ उन्होंने भी आक्रोशित होते हुए कहा कि जिस समय छात्र, डॉक्टर और नागरिक कोलकाता में प्रदर्शन कर रहे थे, ऐसे समय भी यौन पिपासु लोग अन्यत्र शिकार की तलाश में घात लगाए हुए थे। उन्होंने दिसम्बर 2012 में दिल्ली में निर्भया के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की चर्चा करते हुए कहा कि कुछ बच्चों ने मुझसे बड़ी मासूमियत से इस घटना के बारे में पूछा, मगर क्या उन्हें ऐसी घटना आगे घटित न होने का भरोसा दिया जा सकता है। निश्चित ही इस समय महिला उत्पीड़न से जुड़े मुद्दों पर समाज को ईमानदार और निष्पक्ष रहकर आत्ममूल्यांकन करने की महती आवश्यकता है।





-डॉ विशेष गुप्ता

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट बताती है कि यहां 16 मिनट में एक यौन दुष्कर्म घटना होती है। साथ ही प्रत्येक घण्टे महिलाओं के विरुद्ध 50 अपराध घटित होते हैं। इनमें 10 फीसदी से भी अधिक यौन दुष्कर्म की घटनाएं 18 साल से कम उम्र के नाबालिगों के साथ घटित होती हैं। कहना न होगा कि आज देश और प्रदेशों के विभिन्न हिस्सों में मासूम लड़कियों और महिलाओं के साथ होने वाली यौन उत्पीड़न की वारदातों ने देश व समाज को झकझोर कर रख दिया है।

राष्ट्रपति महोदया के बयान के आलोक में यदि महिला उत्पीड़न से जुड़ी हालिया घटनाओं का मूल्यांकन करें तो ज्ञात होता है कि अभी हाल ही में कोलकाता में डॉक्टर के साथ किए गए यौन व्यभिचार से देशभर में फैले आक्रोश और प्रदर्शनों के बीच विधायिका की बदरंग तस्वीर भी सामने आयी है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की ओर से जारी हालिया रिपोर्ट में 16 वर्तमान सांसदों और 135 विधायकों पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध में मुकदमें दर्ज हैं। इतना ही नहीं बल्कि दो सांसदों और 14 विधायकों पर दुष्कर्म के मामले चल रहे हैं। खास बात यह है कि बंगाल के जनप्रतिनिधि ऐसे मामलों का सबसे अधिक सामना कर रहे हैं। उधर, हेमा समिति की रिपोर्ट के बाद केरल के फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों के शोषण का मामला आजकल चरम पर है। बदलापुर, महाराष्ट्र में अबोध बच्चियों का त्रासद प्रकरण, असम में 14 साल की बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं तो हमारी आंखों के सामने ही हैं। इनके अलावा प्रतिदिन समाचार पत्रों में यौन उत्पीड़न और बलात्कार जैसी घटनाओं की बड़ी संख्या से गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति महोदया की महिला उत्पीड़न को लेकर यह पीड़ा अनायास ही नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट बताती है कि यहां 16 मिनट में एक यौन दुष्कर्म घटना होती है। साथ ही प्रत्येक घण्टे महिलाओं के विरुद्ध 50 अपराध घटित होते हैं। इनमें 10 फीसदी से भी अधिक यौन दुष्कर्म की घटनाएं 18 साल से कम उम्र के नाबालिगों के साथ घटित होती हैं। कहना न होगा कि आज देश और प्रदेशों के विभिन्न हिस्सों में मासूम लड़कियों और महिलाओं के साथ होने वाली यौन उत्पीड़न की वारदातों ने देश व समाज को झकझोर कर रख दिया है। लगता है, निर्भया यौन उत्पीड़न की घटना के बाद समाज की सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं आया है। यही वजह है कि देश में यौन हिंसा की लगातार बढ़ती घटनाओं को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियायें सामने आ रही हैं। इतना ही नहीं ऐसी घटनाओं को रोकने के सभी उपाय निष्फल होते दिख रहे हैं। देश-विदेश के स्तर पर जो भी रिपोर्ट सामने आ रही है, उनमें भी यौन हिंसा के बढ़ते ग्राफ को लेकर चिंता साफ झलक रही है। कहना न होगा कि बलात्कार जैसी घिनौनी वारदातों से न केवल देश बल्कि विदेशों तक में अपनी साख को बट्टा लग रहा है। देश में ऐसी घटनाओं का लगातार बढ़ना निश्चित ही गंभीर चिंता का विषय है।

यौन उत्पीड़न की अधिकांश घटनाएं आज कानूनविदों और समाजशास्त्रियों को नए सिरे से सोचने को मजबूर कर रही हैं। इस संदर्भ से जुड़े कुछ और आंकड़े खुलासा करते हैं कि भारत में यौन उत्पीड़न के मामले में लगभग 93 फीसदी दोषी पीड़िता के ही परिचित होते हैं। इन आंकड़ों की तकलीफ देय तस्वीर यह है कि 31 फीसदी यौन हिंसा और छेड़खानी में पीड़ित लड़कियों की उम्र 14 साल से भी कम रही है। मामला चाहे महिला छेड़छाड़ का हो अथवा यौन हिंसा का, इन सभी घटनाओं को अब किसी एक सामाजिक पैमाने से नहीं मापा जा सकता। आज इसके गहन अध्ययन के लिए एक बहुआयामी वस्तुनिष्ठ मापनियों की जरूरत महसूस की जा रही है। लेकिन फिर भी लगातार बढ़ती यौन हिंसा की इन घटनाओं पर कम से कम एक हालिया सामाजिक-मनोवैज्ञानिक दृष्टिपात करना जरूरी हो जाता है।

इसमें कोई शक नहीं कि सूचना तकनीक ने आज की दुनिया में खलबली मचा दी है। गांवों से लेकर महानगरों तक मोबाइल और इंटरनेट ने बच्चों, युवाओं और महिलाओं के बीच अपना पूरा दखल बना लिया है। असल स्थिति यह है कि आप सड़क के किनारे तक से सस्ते से सस्ता इंटरनेट सिम खरीद कर पूरी दुनिया की अच्छी-बुरी सैर कर सकते हैं। यहां तक कि प्रचुर मात्रा में पोर्न साहित्य तक भी इन्हीं सिम में कैद है। कोलकाता से जुड़ी घटना में अभियुक्त भी इस पोर्न का ही आदी पाया गया है। दूसरी ओर संयुक्त परिवार के टूटने और छोटे परिवारों में मां-बाप और बच्चों के बीच बढ़ती दूरी और संवादहीनता ने टीनएजर्स के बीच सोशल मीड़िया के रुप में संवाद का एक नया नेटीजन पीयर ग्रुप पैदा कर दिया है। ध्यान रहे यह नेटीजन समूह ही उनके हर तरीके के सुख-दुख और अच्छे बुरे में पूरी तरह हमसाज है। मां-बाप को इस सच्चाई को समझने की फुर्सत ही नहीं है कि पोर्न उनके बच्चों के बेडरूम तक पहुंच गया है। उल्टे वे इस सच्चाई से दूर भाग रहे हैं। सच तो यह है कि पोर्न का प्रभाव ही यौन सबंधों के ढांचे को नई यौन प्रयोगशाला में रूपान्तरित कर रहा है। बढ़ते यौन आवेग के पीछे कहीं न कहीं इस मुद्दे को भी समाहित करना समीचीन होगा।

दूसरी ओर इस संदर्भ में यह भी देखने में आ रहा है कि आज सबसे अधिक हिंसा उन लड़के-लड़कियों पर हो रही है, जो या तो घर से बाहर रह रहे हैं अथवा वे समाज के कमजोर सामाजिक-आर्थिक वर्ग से आते हैं।

**कई** राज्यों में कुल न्यायिक अधिकारी की संख्या में महिलाओं की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक हो गई है। मैं आशा करती हूं कि न्यायपालिका से जुड़े सभी लोग महिलाओं के विषय में पूर्वाग्रहों से मुक्त विचार, व्यवहार और भाषा के आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

**-द्रोपद्री मुर्मू , प्रेसिडेंट**

## रोचक ट्वीट



**कुछ** दिनों पहले दिल्ली में एक सुखद बस यात्रा के अनुभव के साथ डीटीसी कर्मचारियों से संवाद कर उनके दिनचर्या और समस्याओं की जानकारी ली।न सामाजिक सुरक्षा, न स्थिर आय और न की स्थाई नौकरी।

**-राहुल गांधी, सांसद,कांग्रेस**



**केंद्रीय** कैबिनेट ने कृषि विज्ञान केंद्रों को मजबूत करने के लिए 1,202 करोड़ के परिव्यय को मंजूरी दी है। किसान को विज्ञान से जोड़ने तथा खेत तक नई तकनीक पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। **-शिवराज सिंह चौहान ,केन्द्रीय कृषि मंत्री**

## खास बात

### शिव की भुजाओं की पूजा

तुंगनाथ मंदिर उत्तराखंड राज्य के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। तुंगनाथ सबसे ऊंचाई पर बना शिव मंदिर है। इस मंदिर में भगवान शिव की भुजाओं की पूजा होती है। हर साल वैशाखी के पर्व पर तुंगनाथ के मंदिर के कपाट खुलते हैं और दीपावली के बाद छह महीने के लिए बंद कर दिए जाते हैं।

उत्तराखंड में भगवान शिव के पांच प्रमुख मंदिरों को पंचकेदार के नाम से जाना जाता है। इनमें बाबा केदार यानी केदारनाथ के बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन इसके अलावा चार और केदार हैं। पंचकेदार में केदारनाथ, तुंगनाथ, रुद्रनाथ, मध्यमहेश्वर और कल्पेश्वर महादेव शामिल हैं। शिव जी की भुजाओं की पूजा तुंगनाथ में, मुख की पूजा रुद्रनाथ में, नाभि की पूजा मध्यमहेश्वर में, बाल की पूजा कल्पेश्वर में और बैल के कूबड़ की पूजा केदारनाथ में होती है।

तुंगनाथ सबसे ऊंचाई पर बना शिव मंदिर है। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित यह मंदिर समुद्र तल से लगभग 3690 मीटर की ऊंचाई पर है। इस मंदिर में भगवान शिव की भुजाओं की पूजा होती है। हर साल वैशाखी के पर्व पर तुंगनाथ के मंदिर के कपाट खुलते हैं और दीपावली के बाद छह महीने के लिए बंद कर दिए जाते हैं। शीतकाल के दौरान, तुंगनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के बाद, पूजा-अर्चना मार्कण्डेय मंदिर, मक्कू मठ में की जाती है। इस मंदिर में मक्कू गांव के पुजारी पूजा-अर्चना करते हैं। स्कन्द पुराण के केदारखंड के अध्याय 50, श्लोक 16 में इस मंदिर के महत्व के बारे में बताया गया है। इसके अनुसार, भगवान शिव तुंगनाथ के महत्व के बारे में कहते हैं कि जो व्यक्ति एक बार भी तुंगक्षेत्र का दर्शन करता है, उसे मृत्यु के बाद सद?ेगति प्राप्त होती है। इसके अलावा, जो व्यक्ति तुंगनाथ के माहात्म्य को पढ़ेगा अथवा सुनेगा, उसे समस्त तीर्थों की यात्रा करने का फल मिलेगा।

मान्यता के अनुसार जिन-जिन स्थानों पर भगवान शिव पांडवों से छिपे उन स्थानों पर पंच केदार स्थित हैं। यह भी मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए यहीं पर तपस्या की थी। एक और मान्यता है कि भगवान राम ने यहां कुछ क्षण एकांत में बिताया था।

# प्रेम की यात्रा

## धर्म-प्रवाह


**साध्वी मनीषा**

भक्ति कोई शास्त्र नहीं है। भक्ति तो सच्ची श्रद्धा युक्त सच्चे प्रेम की एक यात्रा है जो स्वांसों के सत्य पथ पर चलते हुए हृदय सम्राट की मंजिल तक पहुंचती है। भक्ति कोई सिद्धांत भी नहीं है, भक्ति तो जीवन का रस है। भक्ति को समझकर आज तक कोई समझ नहीं पाया। भक्ति में डूबकर ही कोई भक्ति के राज को समझ पाता है। मस्तिष्क से ज्यादा करीब हृदय होता है और हृदय का भाव विचारों से कहीं ज्यादा करीब है। हृदय के समुद्र की लहरों से जो आंदोलन आता है वह रुलाता भी है, क्योंकि भक्ति आंसुओं के बहुत करीब है। जो रो न सके वह भक्त नहीं हो सकेगा। छोटे बच्चे की तरह जो असहाय होकर रो सके, वही भक्ति-मार्ग से गुजर पाता है। परतंत्रता का अर्थ है कि चित्त के ऊपर लोगों के द्वारा थोपा गया तंत्र, जिससे व्यक्ति को बांधा जाता है। यह जो बंधन है, निश्चित ही यह बंधन किसी को भी प्रीतिकर नहीं है। ऐसे बंधनों के प्रति सहज ही भीतर एक विरोध है।

ऐसे बंधनों को तोड़ देने की भीतर एक तीव्र बलवती आकांक्षा है। जब भी व्यक्ति मौका पाता है, ऐसे बंधनों को तोड़ता है। ऐसे परतंत्रता को तोड़ने से परतंत्रता के विरोध में, वह जो विद्रोही चित्त है, उससे स्वच्छंदता पैदा होती है। क्रियाओं के अभ्यास से स्वांसों के भीतर की शक्ति को पहचान कर स्वयं को जानने से जो जीवन उपलब्ध होता है, उसका नाम स्वतंत्रता है। स्वतंत्र होना इस जगत में सबसे दुर्लभ बात है। स्वतंत्र वही हो सकता है, जो स्वयं को जानता हो।

## कार्टून वर्ल्ड

**तालिबान का मानवाधिकार**




साभारः कॉर्टनमूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### विवाह की उम्र

**हि.प्र.** देश का पहला राज्य बन गया है जहां लड़कियों की न्यूनतम विवाह आयु 21 वर्ष कर दी गई है। यह बिल विधानसभा में पारित हो चुका है और राज्यपाल की सहमति की प्रतीक्षा है। यह कदम लड़कियों को उच्च शिक्षा और लैंगिक समानता के अवसर देने के उद्देश्य से उठाया गया है। लड़कियों को जल्दी शादी से रोकने और उनकी सेहत के प्रति चिंता व्यक्त करता है।

**-राजेश चौहान, कोडरमा**

### विदेश से प्रेम

**विदेशों** की चकाचौंध में फंसकर भारतीय युवा रोजगार के लिए कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड आदि देशों में जाते हैं, लेकिन वहां कई बार उन्हें निम्न स्तर के काम करने पड़ते हैं। अमेरिका में 50 प्रतिशत लोगों के पास कुल संपत्ति का सिर्फ 2 प्रतिशत है, और बहुत बड़ा बजट सैनिक कार्यों में खर्च होता है। विदेश जाने से पहले वहां की वास्तविकता जानना महत्वपूर्ण है।

**- श्यामलाल सिंह, रांची**

# संत, शिक्षक, हिंदी के अनन्य सेवक संत डॉ कामिल बुल्के

**मुरलीधर**

पुरूष साहित्यकार डॉ फादर कामिल बुल्के की सरलता, सहजता, बुद्धिमता ,साद्गी , तप, त्याग,दूरदर्शिता एवं हिन्दी भाषा के प्रति असीम लगाव को केवल भारत में ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व में सराहा गया है।

**परहित सरिस धरम नहिं, भाई।**
**पर पीड़ा सम नहिं अधमाई ॥**

बेल्जियम के फ्लैंडर्स प्रांत रम्सकैपेले गांव के रहने वाले फ्लेमिश भाषी डॉ कामिल बुल्के को तुलसीदास रचित रामचरितमानस की इस पंक्ति ने इतना प्रड्डाावित किया कि उनके मन में भारत आने की प्रबल इच्छा जागृत हुई। अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए वे तुलसीदास की पावन भूमि भारत खिंचे चले आये और हमेशा के लिए यहीं के होकर रह गये। डॉ कामिल बुल्के के मन में यह जिज्ञासा थी कि आखिर इतनी उदात्त सोच रखने वाले तुलसीदास का देश भारत कितना महान और पावन होगा। उसे अनुभव और महसूस करने आखिर वे भारत आ ही गये। बाद में उन्होंने अपने को हिंदी के लिए आजीवन समर्पित कर दिया।

साहित्य के अनन्य साधक, धर्मयोद्वा और संत साहित्यकार डॉ फादर कामिल बुल्के का जन्म 1 सितंबर 1909 को बेल्जियम में हुआ था। सन् 1935 ई. में फादर कामिल बुल्के ड्डारत पहुंचे जहाँ से उनकी जीवन यात्रा का एक नया दौर शुरू हुआ। शुरूआत में उन्होंने दार्जिलिंग के संत जोसेफ कॉलेज और गुमला के संत इग्नासियुस मिशन स्कूल में बतौर

## टीचर्स डे

शिक्षक के रूप में काम करना शुरू किया। कुछ ही दिनों में उन्होंने महसूस किया कि जैसे बेल्जियम में मातृभाषा फ्लेमिश की उपेक्षा और फ्रेंच का वर्चस्व था, वैसी ही स्थिति ड्डारत में हिन्दी की उपेक्षा और अंग्रेजी का वर्चस्व है। उन्होंने 1938 ई. में सीतागढ़ा में पंडित बदरीदत्त शास्त्री के निर्देशन में हिन्दी और संस्कृत सीखा। 1940 ई.में फादर बुल्के ने हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग की विषारद की परीक्षा पास किया। 1947 ई. में इलाहाबाद विश्वविद्यायल से हिन्दी में एम. ए. की शिक्षा ग्रहण किया। 1947 ई. में फादर बुल्के ने डॉ धीरेन्द्र वर्मा की प्रेरणा से 'रामकथा : उत्पत्ति और विकास' विषय पर डॉ माता प्रसाद गुप्त के निर्देशन में शोध कार्य प्रारंड्डा किया। उन्होंने हिन्दी प्रेम के कारण अपनी पीएचडी शोध प्रबंध हिन्दी में ही लिखी। जिस समय वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शोध कर रहे थे उस समय देश में सभी विषयों की थीसिस अंग्रेजी में लिखी जाती थी। उन्होंने जब हिन्दी में शोध प्रबंध लिखने की अनुमति मांगी तो विश्वविद्यालय ने अपनी शोध संबंधी नियमों में बदलाव कर उनकी बात मान ली। उसके बाद देश के अन्य हिस्सों में भी हिन्दी में शोध प्रबंध लिखी जाने लगी। फादर बुल्के के द्वारा प्रस्तुत शोध-प्रबंध हिन्दी में लिखा गया पहला षोध प्रबंध है। उनके द्वारा किया गया षोध इतना गहन, गंभीर और उत्तम था कि आगे चलकर यह भारत सहित पूरे विश्व में प्रकाशित हुई और हिन्दी प्रेमी फादर बुल्के को पूरा विश्व जानने लगा। वास्तव में उनके द्वारा प्रस्तुत शोध प्रबंध को रामकथा संबंधी समस्त सामग्री का विश्व -कोश कहा जा सकता है। उनका शोध प्रबंध चार भागों में विभक्त है। पहले भाग में 'प्राचीन रामकथा साहित्य' की विवेचना की गयी है। इसके अंतर्गत पांच अध्यायों में वैदिक साहित्य और रामकथा, वाल्मीकि कृत रामायण, महाड्डारत की रामकथा, बौद्ध रामकथा तथा जैन रामकथा संबंधी सामग्री की पूर्ण परीक्षण की गयी है। फादर बुल्के हिन्दी अंगेजी शब्द-कोश कानिर्माण किया। 1968 ई. में उनका अंग्रेजी हिन्दी कोश प्रकाशित हुआ जो आज भी सबसे प्रामाणिक शब्द कोश माना जाता है। उन्होंने इसमें 40 हजार शब्द जोड़ा है। वे बाइबिल का भी हिन्दी भाषा में अनुवाद किये।

# जमात-ए-इस्लामी सदस्यों के कश्मीर चुनाव में उतरने के मायने

**रमेश शर्मा**

जम्मू-कश्मीर में हो रहे विधानसभा चुनाव से एक चौंकाने वाली खबर आई है। प्रतिबंधित जमायत-ए-इस्लामी के पाँच पूर्व पदाधिकारियों ने निर्दलीय रूप से अपनी उम्मीदवारी घोषित कर दी है। इस संगठन ने 1987 के बाद से किसी चुनाव में हिस्सा नहीं लिया था। 1993 से 2003 के बीच हुये हर चुनाव को हरामब्बताकर बहिष्कार की अपील की थी लेकिन जमात ने इस बार अपनी रणनीति में बदलाव किया है। जमायत-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध है। जमात से जुड़े कार्यकर्ता अपने बैनर से चुनाव नहीं लड़ सकते इसलिये वे निर्दलीय रूप से चुनाव मैदान में आये हैं। अभी पाँच सदस्यों ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। संभावना है कि घाटी की कुछ और सीटों पर जमात से जुड़े कार्यकर्त्ता अपने नामांकन भर सकते हैं। जिन पाँच सदस्यों ने अपने नामांकन प्रस्तुत किये उनकी शैली कुछ ऐसी थी, जिससे लगता है कि ये पाँचों लोग किसी रणनीति के अंतर्गत ही नामांकन पत्र प्रस्तुत करने आये। इन सभी ने एक ही दिन अपने निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन प्रस्तुत किये। दूसरा, सभी ने कार्यकताओं का एक अच्छा समूह एकत्र किया और मीडिया को खबर देकर बात भी की। सबकी बातचीत के विषय अलग थे पर संदेश एक ही था।

जमात जुड़े जिन लोगों ने पर्चे दाखिल किये उनमें तलत मजीद ने पुलवामा निर्वाचन क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी घोषित की। मजीद ने मीडिया से कहा कि ब्देश और दुनियाँ की राजनीति में बदलाव आया है, यह बदलते वक्त की जरूरत है कि हम चुनाव लड़ रहे हैं। मजीद ने कहा कि मैं 2014 से जिस एजेण्डे पर काम कर रहा हूँ आज भी उसपर कायम हूँ। मजीद ने एक बड़े आँदोलन आरंभ करने की घोषणा भी




की। तलत मजीद कश्मीर में जमात-ए-इस्लामी का प्रमुख रहा है। इस संगठन में प्रमुख को अमीर कहा जाता है। जमात के एक अन्य प्रमुख कार्यकर्ता नजीर अहमद ने दिवसर सीट से नामांकन प्रस्तुत किया और एक अन्य कार्यकर्ता एजाज अहमद ने जैनपोरा से दावेदारी प्रस्तुत की है। जमात के पदाधिकारी रहे सर्जन बरकती की बेटी सुगरा बरकती ने भी अपना नामांकन पत्र भरा। सर्जन बरकती की पहचान अलगाववादी कट्टरपंथी के रूप में रही है। वह आतंकवादियों को फंडिग के आरोप में अभी जेल में है। सर्जन बरकती की बेटी सुगरा बरकती ने अपना नामांकन प्रस्तुत करते हुये मीडिया से कहा कि वे अपने पिता की ओर से नामांकन भर रहीं हैं। जमात के एक और पूर्व नेता सायर अहमद रेशी ने पुलगाम विधानसभा से नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। रेशी ने कहा कि वे ब्कश्मीरियतब के लिये चुनाव लड़ रहे हैं। रैशी ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अंतरात्मा की आवाज के आधार पर मतदान करें। कश्मीर की मस्जिदों और मदरसों के रूप में जमायत-ए- इस्लामी का एक बड़ा नेटवर्क है। कश्मीर की जिन मस्जिदों से कट्टरपंथ के प्रचार की खबरें आती हैं अथवा जिन मदरसों में आतंकवादी तैयार होने की खबरें आती है, वे जमायत-ए-इस्लामी के प्रभाव वाले क्षेत्र माने जाते हैं। पाकिस्तान के कुछ आतंकवादी संगठनों से संपर्क होने के आरोप भी इस संगठन पर लगे हैं। भारत सरकार ने वर्ष 2019 में इस संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया था। कुछ लोग गिरफ्तार हुये और लगभग तीन सौ लोगों को नजरबंद किया गया था लेकिन धीरे-धीरे कुछ लोग रिहा हुये और कुछ से नजरबंदी हटाई गई। इसी साल फरवरी माह में यह प्रतिबंध पाँच साल के लिये और बढ़ा दिया गया है।कश्मीर के इस चुनाव में जमात-ए-इस्लामी से जुड़े पाँच लोगों के नामांकन आते ही कश्मीर के सामाजिक और राजनीतिक वातावरण में हलचल तेज हो गई है । नामांकन पत्र प्रस्तुत करते समय मजीद और सुगरा के वक्तव्य से स्पष्ट है कि जमात कश्मीर में बड़े राजनैतिक आँदोलन की तैयारी कर रही है। कश्मीर में पनप रहे अलगाववाद और कट्टरपंथ के पीछे भी इस संगठन के कुछ कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस संगठन के राजनैतिक अभियान का उद्देश्य केवल सत्ता परिवर्तन या सत्ता प्राप्त करने तक सीमित नहीं होते। वे सामाजिक कट्टरवाद से भी भरे होते हैं।

## स्पीड न्यूज

### दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में पूजा-अर्चना



**रामगढ़।** नईसराय माता दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में अमावस्या पर विशेष पूजा अर्चना में समाजसेवी अमित सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता काली की पूजा अर्चना कर उनसे खुशहाली की कामना की। सिन्हा ने कहा कि माता काली की पूजा अर्चना से लोगों के सभी संकट दूर होते हैं और खुशहाली आती है। कहा की माता दक्षिणेश्वरी काली मंदिर की महिमा दूर दूर तक है। जिस कारण यहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर अरूणा जोशी, संध्या शर्मा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

### आजसू बुद्धिजीवी मंच के सचिव बने महेश ठाकुर



**कुजू।** आजसू कार्यकर्ता सह शिक्षक मुरपा निवासी महेश ठाकुर आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय सचिव बने। इस दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो व गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो व प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो ने बधाई दी। ठाकुर ने कहा कि मंच की ओर से जो मुझे जिम्मेदारी मिलेगी उसको मैं पूरी ईमानदारी व निष्ठ पूर्वक निभाउंगा। मंच को मजबूत करने का कार्य करूँगा। मौके पर प्राचार्या डॉ शशिबाला, अवधेश कुमार गुप्ता, नरेश कुमार पटेल, प्रो अर्चना, प्रो देवंती, जयनाथ प्रसाद, वीरेंद्र कुमार, विक्रम महतो, विजय ठाकुर, सावन सिंह, सुमित्रा देवी आदि ने बधाई दी।

### भुरकुंडा काली मंदिर में बनेगा शेड



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** थाना चौक काली मंदिर में सोमवार शाम काली मंदिर कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान और संचालन प्रभाष दास और कामेश्वर मेहता ने संयुक्त रूप से किया। कमेटी के लोगो ने बताया कि विधायक मद से शेड का फंड पास भी हो गया है। लेकिन कुछ लोगो द्वारा शेड निर्माण में अड़ंगा लगाकर फंड को रुकवा दिया गया है। जिसे लेकर स्थानीय लोगो में काफी आक्रोश है। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पूरे रामगढ़ जिले में इतना भव्य और विशाल काली मंदिर कही नही है। यहां शेड की बहुत ज्यादा जरूरत है। यहां सालो भर पूजा-पाठ, भंडारा और वैवाहिक कार्यक्रम भी होते रहते हैं, लेकिन शेड नहीं होने के कारण लोगों को धूप और बरसात में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बैठक में लखेंद्र राय, आजाद भुंइया, किशुन नायक, मनोज करमाली, राजेश सिन्हा, शशि सिंह, कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### कोयला राज्य मंत्री से मिले बीके राम



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी इंपलाई को-ऑर्डिनेशन काउंसिल के कोल इंडिया अध्यक्ष बृज किशोर राम (बीके राम) ने नई दिल्ली में कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से मुलाकात कई समस्याओ से अवगत कराया। इस दौरान किशोर राम और बृज किशोर राम कोल इंडिया की समस्याओं से अवगत कराते हुए इसका समाधान कराने की मांग की। इस दौरान कोल इंडिया में जितने भी खाली पड़े बैकलॉग हैं हर कंपनी में एक मुफ्त से वैकेंसी निकलने पर चर्चा की गई। समस्या सुनने के बाद कोयला सतीश चंद्र दुबे ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

### रजरप्पा में बनेगा आकर्षक का पंडाल



**रजरप्पा ।** रजरप्पा में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रजरप्पा प्रोजेक्ट द्वारा भव्य तरीके से पूजा की तैयारी में जुटी है। रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित दुर्गा मंडप में पूजा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जाता है। पंडाल में कारीगर (जामताड़ा) बनाने में जुटे हैं। पूजा समिति के सचिव गजेंद्र चौधरी ने बताया कि पंडाल को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। पंडाल की ऊंचाई 60 फीट और चौड़ाई 72 फीट होगी। दुर्गा पूजा के मुख्य संरक्षक गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी ने बताया कि इस वर्ष भव्य पंडाल, आकर्षक विद्युत सज्जा, आकर्षक दुर्गा पूजा की प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है। जो बेहद ही आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने बताया कि पूजा के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं का सुविधा एवं सुरक्षा का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता में है।

### विस चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक




**कुजू।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त राज्य मंत्री सह हजारीबाग लोकसभा के कलस्टर प्रभारी ओम प्रकाश चौधरी व सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए। बैठक का शुभारंभ अतिथियों को अंग वस्त्र देकर और वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। चौधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार झारखंड का हितैषी नहीं बल्कि तबाह करने वाली सरकार है। इसलिए इससे विकास की उम्मीद करना बईमानी होगी। उन्होने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनना ही पार्टी का एक मात्र लक्ष्य है। नहीं तो अच्छे लोग जब तक राजनीति में भाग नहीं लेंगे तब तक बुरे लोग ही आप पर राज करते रहेंगे। जायसवाल ने कहा कि हेमंत सोरेन जैसे सरकार में ही झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिए, बंगाल जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। ऐसे में अगर लोग अपने बच्चे का भविष्य और राज्य को बचाना चाहते हैं तो भाजपा की सरकार को वोट करें। साथ ही भविष्य में सुकून की जिंदगी जी सकते हैं।

# विवाहिता के शव को ससुराल के घर के आंगन में ही जलाया

## चतरो में मायकों वालों ने जमकर किया बवाल, कई घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** थाना क्षेत्र के मलकोको पंचायत के चतरो गांव में मंगलवार को एक नवविवाहिता की निर्मम हत्या के बाद आक्रोशित मायके वालों ने ससुराल के आंगन को ही श्मशान बना दिया। आम तौर पर जहां अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट का चयन किया जाता है। इस पर आक्रोशित मायके वालों ने विवाहिता के शव को ससुराल के घर के आंगन में ही जला दिया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना मंगलवार की सुबह लगभग 8:30 बजे की है। मायके वालों का आरोप था कि नवविवाहिता की निर्मम रूप जलाकर हत्या कर दी गई है, जिसके बाद उन्होंने सैकड़ों लोगों के साथ ससुराल पहुंचकर वहां जमकर बवाल काटा। आक्रोशित भीड़ ने विवाहिता के शव को ससुराल के आंगन में रखकर अंतिम संस्कार किया और वहीं अग्नि दी। घटना के बाद माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी लोग वहां से फरार हो गए।

**गांव को छावनी में किया गया तब्दील :** घटना की गंभीरता को देखते हुए हजारीबाग एसपी को तत्काल सूचना दी गई, जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाकर गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। शव के अंतिम संस्कार को लेकर हुए इस विवाद में लोगों ने जमकर उत्पात मचाया, जिससे गांव के दर्जनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत है। हालांकि इंस्पेक्टर आभास कुमार, एसआई सुशील कुमार, नरेंद्र पाण्डेय, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव और मुखिया विजय यादव ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने की कोशिश की। ज्ञात हो कि सोमवार सुबह जगदीशपुर निवासी जगदीश यादव की पुत्री प्रीति कुमारी का शव चतरो गांव के नवनिर्मित कुएं से बरामद किया गया था। प्रीति कुमारी का विवाह चार माह पूर्व ही चतरो निवासी केशो महतो के पुत्र अजीत यादव से हिन्दू रीति रिवाज से हुआ था। शव निकालने के बाद संदेहास्पद स्थिति में शव को जला पाकर मायके वाले काफी आक्रोशित हो उठे। उन्होंने ससुराल वालों पर प्रीति कुमारी की निर्मम तरीके से जलाकर मारने एवं लाश छिपा कर रखने का आरोप लगाया। मृतिका के पिता ने सोमवार को पुत्री की निर्मम तरीके से हत्या को लेकर बरही थाना मे आवेदन देकर 11 लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है और स्थिति को नियंत्रण में जुटी है।

# गोंदलपुरा पंचायत के कई ग्रामीण आजसू में शामिल

**बड़कागांव विधानसभा के हर क्षेत्र को किया जायेगा विकसित : रोशनलाल**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बड़कागांव।** आजसू आवासीय कार्यालय में प्रखंड के पंचायत गोन्दलपुरा के कांग्रेस पार्टी पूर्व प्रखण्ड महामंत्री उमेश यादव के नेतृत्व मे कई कांग्रेस कार्यकर्त्ता आजसू पार्टी मे शामिल हुए, जिसमे मुख्य रूप से नरेन्द्र यादव,संतोष यादव,शंकर यादव,विजय यादव, राजेश यादव,देवनारायण राणा, बालदेव कुमार,लालदेव महतो एवम प्रखण्ड के पंचायत डाड़ी कला से मो. सनाउल्लाह,मो. मेहताब आलम, अमित महतो ग्राम जुगरा समाज सेवी लखन साव और अन्य कई ग्रामीण भी बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी एवं आजसू पार्टी पर विश्वास जताते हुए पार्टी में शामिल हुए। रौशनलाल चौधरी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे हाथ में बड़कागांव विधानसभा का नेतृत्व आने के बाद किसी भी विस्थापित गांव में अन्याय नही होने दिया जाएगा, उन्होंने कहा कि बड़कागांव को हर क्षेत्र में विकसित किया जाएगा और ये बदलाव पहले ही साल से दिखने लगेगा आप सभी लोगों को भरोसा दें कि उनका भरोसा हमेशा कायम रहेगा। पार्टी मे शामिल होने वाले सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि हमारे गांव को आंदोलन के नाम पर कई संगठनों ने वादा खिलाफी कर सिर्फ अपनी राजनीति चमकाई और हम लोग को भूल गये, लेकिन अब हमलोग भूल नही करेंगे रौशनलाल चौधरी के प्रति हम सभी को पूरा विश्वास है।

मौके पर आजसू पार्टी के बड़कागांव प्रखण्ड कमिटी के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

### कंटेनर से 40 पेटी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**हजारीबाग/पदमा।** पदमा प्रखंड के अलीनगर स्थित मैदान से लगभग 40 पेटी अवैध शराब को कंटेनर से बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में उत्पाद विभाग के वरिय अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात को उन्हें सूचना मिली की पदमा के अलीनगर में अवैध शराब की खेप को किसी अन्य जगह ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद अवर निरीक्षक उत्पाद नितेश कुमार व भुनेश्वर नायक की नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। टीम अलीनगर पहुंची और छापेमारी अभियान को अंजाम दिया। हालांकि सफलता २ घंटे बाद हाथ लगी जब अलीनगर में माँ विंध्यवासिनी कॉलेज के पीछे वाले मैदान में छापेमारी दल के लाइट को देख लोग भागने लगे। जब टीम वहा पहुंची तो देखा की एक बड़े कंटेनर से छोटे कंटेनर में माल को पलटी किया जा रहा है। छानबीन में दिखा की बड़े कंटेनर में कॉल ड्रिंक्स व चिप्स के पैकेट्स सामने सजा के रखे थे। उसके पीछे अवैध शराब की पेटिया थी। उक्त स्थल से पदमा निवासी विनोद मेहता पिता रामटहल महतो को गिरफ्तार कर अवैध शराब को जब्त किया।

# दुर्गा पूजा को लेकर कमिटी गठित

**उदय प्रसाद केशरी अध्यक्ष व पूर्व विधायक मनोज यादव बने मुख्य संरक्षक**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** सार्वजनिक पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष के रूप में उदय प्रसाद केसरी, उपाध्यक्ष के रूप में शिवा निषाद, सुरेंद्र निषाद, मुकेश मद्धेशिया और सुजीत कुमार को चुना गया। कोषाध्यक्ष के रूप में विनोद केसरी, महासचिव के रूप में बलराम केसरी और सचिव के रूप में पप्पू प्रसाद केसरी, शैलेंद्र कुमार, और अभिषेक कुमार को नियुक्त किया गया।

मुख्य संरक्षक के रूप में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव और संरक्षक के रूप में जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया शमशेर आलम, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर और रामनंदन सिंह का चयन किया गया। संयोजक के रूप में वीरेंद्र विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार, विजय जायसवाल, मनोज साव, महेंद्र निषाद, अजीत निषाद, और राजू निषाद को चुना गया। मनोरंजन मंच के अध्यक्ष संदीप केशरी और सोनू केशरी को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में दिलीप राणा, अजय राणा, करण निषाद, विकु कुमार, राजन चंद्रवंशी, दीपू चंद्रवंशी, संतोष केसरी, कौशल निषाद, ऋतिक केसरी, सुनील केसरी, शुभम भगत, जीतू राणा, और विनय केसरी को चुना गया। बैठक में पूजा को लेकर सभी सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया और तैयारी के लिए काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# जेएसपी में 100 से अधिक लोगों की हुयी स्वास्थ्य जांच

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। जेएसपी पतरातू के जिंदल आशा में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ करते हुए एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इस शिविर में हेल्थ प्वाइंट मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बारियातू रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. इला विनायकिया, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ सैयद, न्यूरो सर्जन डॉ. जतिन शेठी और फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ डॉ. विकास शामिल थे। उन्होंने शिविर में आए बच्चों और आवासीय परिसर के लोगों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा और परामर्श दिया। इस शिविर का आयोजन जेएसपी फाउंडेशन के तहत किया गया था। जिसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके पूर्व शिविर का उद्घाटन एचआर प्रमुख अजय झा और सीएस आर प्रमुख रवि निवास ने किया। कहा गया कि जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के मार्गदर्शन में जेएसपी फाउंडेशन पतरातु समाज के सबसे जरुरतमंद लोगों तक कैसे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचे इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य के साथ फाउंडेशन इस तरह की शिविरों का आयोजन करता है। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। बताया गया कि इसी प्रकार पूर माह पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# इचाक के बरका खुर्द में सैकड़ो लोगों की 'घर वापसी'

## दूसरे धर्म में गये लोगों ने हिंदू धर्म अपनाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** ग्राम बरका खुर्द शिवमंदिर के प्रांगण में ग्राम बरकाखुर्द ग्राम सायल कला और मोमाराक टोला के सैकड़ों माताएं और बहनें जो किसी न किसी के बरगलाने पर या किसी के बहकावे में आकर दूसरे धर्मो में भटक गए थे उन लोगों के लिए सामाजिक पहल पर मंगलवार को हवन कार्यकर्म आयोजित की गई । जिसमे इसमें जुड़े सभी माताएं और बहनें शामिल हुए ।सर्वप्रथम हवन कार्यकर्म की शुरूआत आर्स गुरुकुल कन्या स्कूल की प्राचार्या पुष्पा शास्त्री और गायत्री परिवार के नरेंद्र विद्यार्थी ने पूजन विधि और हवन का कार्यकर्म करवाए। इसके अलावे अर्स गुरुकुल कन्या स्कूल के दर्जनों छात्राएं भी हवन कार्यक्रम करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों ने भटकी हुई महिलाओं को पांव धोकर पुनः सनातन धर्म में घर वापसी करवाया गया। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत राय पद विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री देवी सिंह जार सक जिला संघ चालक सह प्रसिद्ध समाजसेवी शारदानंद सिंह भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने बौद्धिक विचार प्रकट करते हुए कहा कि सनातन धर्म पर विश्वास करें लोग इधर-उधर प्रलोभन में आकर माताएं एवं बहने भटकने का काम नहीं करे। इन लोगों के अलावे कार्यक्रम में संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष कुमार केशव विश्व हिंदू जिला मंत्री अरविंद मेहता जि प सदस्य कुम कुम देवी जिप सदस्य रेणु देवी मुखिया सीता कुमारी पंसस प्रदीप कुमार मेहता पूर्व प्रमुख कौशल नाथ मेहता जीप सदस्य पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता प्रतिनिधि अशोक कुमार मेहता पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा जय नंदन मेहता मेहता सांसद प्रतिनिधि हरिहर मेहता पूर्व मुखिया अनीता देवी श्री राम सेवा संगठन के सुजीत मेहता इस मुद्दे का सूत्रधार वीरेंद्र मेहता मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत मेहता हिंदू युवा संघ के मनोज मेहता शंभू मेहता, बिरजू विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी राहुल राणा सेवानिवृत शिक्षक जगदीश प्रसाद मेहता, अयोध्या प्रसाद मेहता, जयप्रकाश मेहता, डॉक्टर रामचंद्र मेहता, चंद्रनाथ मेहता ,सरयू प्रसाद मेहता, गायत्री परिवार के राजेंद्र यादव, राखी देवी, लोकनाथ महतो, नरेश प्रसाद मेहता, प्रभु प्रसाद मेहता, हिरामन कुमार, सुनील कुमार, गौतम कुमार, विजय राम, मीणा राम, इंद्र राम, अर्जुन राम, विजय मेहता, महेश मेहता, संजय मेहता, भुवनेश्वर महतो, हिरामन कुमार, बिरजू मेहता, केदार मेहता, महेंद्र कुमार, अर्जुन मेहता, जागो ठाकुर, गोविंद मेहता, मुन्नी देवी, बेबी देवी, किरण देवी, अंजू देवी, मंजू देवी, कविता देवी, ललिता देवी, रेशमी देवी, कांति देवी, संजू देवी, देवंती देवी, सावित्री देवी, काजल देवी, अनुज कुमार, विजय प्रजापति समेत 500 महिला-पुरुष शामिल थे।

## एक नजर में

### दारू में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेल शुरू



**दारू।** स्कूली और साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित दारू प्रखंड के पेटो मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलो -झारखण्ड 2024-25 का दो दिवसीय प्रखंडस्तरीय खेल मंगलवार को विधिवत रूप से शुरू की गईं। उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य गीता देवी,20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, बीडीओ हारुण रसीद, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मिठू रविदास, पूर्व विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू ने संयुक्त रूप से दीप प्रजवलित कर किया। जिप सदस्य गीता देवी ने कहा की इस तरह के आयोजन से बच्चों में निखार आती है और आगे बढ़ने का मौका मिलता है। बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा की इस तरह के आयोजन से बच्चे खेल कर आगे बढ़ सकते हैं और खेल में भी अपना कैरियर बना सकते हैं ।इस खेल में 100,200,400 और 800 मीटर की दौड़, कबड्डी, खो -खो, फुटबॉल, क्रिकेट, ऊची कूद, लम्बी कूद, गोला फेंक, खेला गया। मंगलवार को अंडर 14 (कक्षा 1-8)के बच्चों ने भाग लिया। वही टॉप करने वाले बच्चों को बुधवार को ट्रॉफी और मेमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा। बुधवार को अंडर 18 (कक्षा 9-10) स्कूली बच्चे भाग लेंगे। जो बच्चे प्रखंड स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे वें फिर जिला स्तरीय खेल में भाग लेंगे। 26 स्कूलों ने भाग लिया। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, धीरज कुमार, कैलाश पति देव, रामेश्वर प्रसाद, रोहित केशरी मनोज कुमार सिन्हा, शबान अंसारी, मंजर हसन, नितिन सिन्हा, नागेंद्र सिन्हा, योगेंद्र प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

### टाटीझरिया में आवासीय विद्यालय खुला

**टाटीझरिया ।** झारखंड आवासीय विद्यालय का उदघाटन टाटीझरिया प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, टाटीझरिया पंचायत के मुखिया सह प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश यादव , बिपीएम चंद्र भूषण मिश्रा,सिआरपी अरुण दयाल ,दयाल प्रसाद,अकाउंटेंट प्रेम चंद,वार्डन जोलेन कुजूर शिक्षिका दीपा टोप्पो ,रूम टू रीड से राम प्रसाद,एमडीएम कंप्यूटर ऑपरेटर मनीषा कुमारी ने संयुक्त रूप से विधिवत पुरोहित पंकज पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का उदघाटन नारियल तोड़कर और रिबन काट कर किया।

### चरही में क्षत्रिय समाज की बैठक

**चरही ।** वीर कुंवर सिंह भवन में क्षत्रिय समाज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता आनंद सिंह ने किया। बैठक में कई समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि क्षत्रिय समाज को मजबूती के और ले जाने और एकजुट करने का काम किया जाएगा ।समाज के सत्येंद्र नारायण सिंह ने क्षत्रिय समाज को मजबूती प्रदान करने को बात कही। छोटन सिंह ने बताया कि समाज को एकजुट करने पर हुई चर्चा। समाज को आगे कैसे लेकर चलना है इस विषय में भी गहन चर्चा की गई। ताकि समाज आने वाले समय में सबसे ऊंचा स्तर पर पहुंच सके ।इस बैठक मे सत्येंद्र नारायण सिंह उर्फ गब्बर सिंह,छोटन सिंह,धीरेंद्र सिंह ,नीरज सिंह,प्रमोद सिंह राठौड़,प्रमोद सिंह,कुंदन सिंह,विनय सिंह,प्रशांत सिंह,सुभाष सिंह सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

### सेव लदा ट्रक पलटा, कार्टून लेकर भागे लोग

चरही ।सोमवार सुबह ट्रक पलटने से चालक और उपचालक चोटिल हो गए। जानकारी के अनुसार नंबर पीबी09एक्स /3272 कश्मीर से सेव लादकर उड़ीसा जा रहा था। चालक शराब के नशे में धुत था। ट्रक की रफ्तार तेज होने के कारण प्रखंड के प्रमुख जयवीर महतो के स्मारक के पास ट्रक डिवाइडर को तोड़ते हुए पलटा। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों को इलाज कराकर छोड़ दिया । ट्रक को क्रेन से उठाकर थाना परिसर ले आई। बिखरे सेव को उठाकर सड़क के किनारे किया गया। कई लोगों ने सड़क पर बिखरे हुए सेव के कार्टून को ले भागे।

### दारू में रीडिंग केम्पेन वाहन रवाना

**दारू।** मंगलवार के रीडिंग कैंपेन वाहन को प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी जवाहर प्रसाद , प्रखंड विकास पदाधिकारी - हारून रशीद , थानाप्रभारी सफीक खान बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह,जिला परिषद सदस्या गीता देवी बीससूत्री उपाध्यक्ष कैलाश पति देव,कोडरमा सांसद प्रतिनिधि - मिठू रविदास , बलदेव बाबू, महेंद्र नारायण बीआरपी, सीआरपी, रूम टू रीड से एकता कुमारी , विद्यालय शिक्षक, पप्पू कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य प्रारंभिक शिक्षा के महत्व को उजागर करना और छात्रों के बीच पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अन्य शिक्षक, बाल संसद के सभी सदस्य व बच्चे उपस्थित थे।

### टाटीझरिया के स्कूलों में रीडिंग कार्यक्रम

**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया प्रखंड के 65 स्कूलों में राज्य के द्वारा चलाए जा रहे 'रीडिंग कैंपेन' कार्यक्रम के अंतर्गत ՟रीड अ थोन՟ गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गतिविधि बिपीएम चंद्रभूषण मिश्रा के देख रेख में आयोजित की गई, जिसमें टाटीझरिया के सभी 65 स्कूलों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों, और अभिभावकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। रीड अ थोन՟ गतिविधि का मुख्य उद्देश्य बच्चों में किताबों के प्रति लगाव बढ़ाना और छोटे बच्चों को मूलभूत साक्षरता में निपुण बनाना है। इस विशेष अभियान के तहत, सभी प्रतिभागियों ने 11:00 बजे से 11:30 बजे तक अपने सभी कार्य छोड़कर केवल किताबें पढ़ीं, जिससे बच्चों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम में 'रूम टू रीड' संस्था से राम प्रसाद दास , सीआरपी सुरेश राम, दयाल प्रसाद, अरुण दयाल, नवीन कुमार और बिआरपी सुबोध कांत वैध ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन सभी ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में अपना सहयोग दिया और बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### सनराइज एकेडमी के संचालक पर लगे आरोप

**बरही।** सनराइज एकेडमी संचालक पर लगे आरोप और उसके बाद हुई घटनाओं पर निजी विद्यालय संघ बरही ने बरही एसडीओ, एसडीपीओ को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। निजी विद्यालय संघ ने बताया कि सनराइज एकेडमी करियातपुर बरही के संचालक सुरेश साव पर 2 सितंबर 2024 को एक छात्रा द्वारा छेड़खानी का आरोप लगाया गया। यह घटना 29 अगस्त की बताई जा रही है। तीन दिनों तक छात्रा के अभिभावकों द्वारा प्रशासन के पास कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई, बल्कि गैर-कानूनी तरीके से भीड़ बनाकर संचालक के साथ मारपीट, तोड़फोड़ और अभद्रता की गई। निजी विद्यालय संघ बरही ने इस मामले में प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है और कहा है कि दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की है कि जब तक आरोप साबित न हो, तब तक स्कूल संचालक को गिरफ्तार नहीं किया जाए। संघ ने स्कूल में पढ़ाई को जल्द शुरू करने और स्कूलसंचालक, उनके परिवार और कर्मचारियों को कड़ी सुरक्षा देने भी मांग की है। संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने बताया कि यदि आरोप सत्य साबित होते हैं तो संचालक पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की शर्मसार करने वाली घटनाएं न हों। यादव ने कहा कि अभिभावकों, उनके बच्चों, स्कूल संचालक और उससे जुड़े सभी लोगों के न्याय के लिए खड़ा है।

### वन अधिकार समिति के पांच सदस्यों ने दिया त्याग-पत्र

चरही। वन अधिकार समिति के पांच सदस्यों ने त्याग पत्र दिया। अंचलाधिकारी चुरचू, जिप सदस्य चुरचू,मुखिया चरही,पंचायत समिति सदस्य पूर्वी भाग को सौंपा है। त्यागपत्र देने वाले सदस्य कुलेश्वर करमाली,ललिता कुमारी, पार्वती देवी,शांति महतो और बिरजू ठाकुर हैं ।इन्होंने लिखा है कि बीते वर्ष 2 नवंबर 23 को चरही पंचायत भवन में समिति गठन को लेकर आम सभा की गयी। इस सभा में काफी हो हंगामा हुआ था ।इसके बावजूद भी जबरन कमिटी का गठन किया गया।

# वन विभाग में नौकरी के नाम पर डेढ़ करोड़ की ठगी

## फर्जी ट्रेनिंग के बाद थमा दिया फर्जी आईडी कार्ड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा वन विभाग में कार्यरत कर्मचारी अवधेश तिवारी पर वनरक्षी के पद पर भर्ती के नाम पर 17 लोगों से 7 लाख रुपये ठगने का आरोप है। अवधेश तिवारी ने इन युवकों को आईएफएस साकिब आलम से सिमरिया रेस्ट हाउस में मुलाकात कराई और फर्जी ट्रेनिंग व फर्जी आईडी कार्ड बनाकर प्रत्येक व्यक्ति से पैसे लिए। पाराडीह के कुछ व्यक्तियों ने भी इस ठगी में साथ दिया। भुक्तभोगी पंकज कुमार ने बताया कि अवधेश तिवारी ने उन्हें और अन्य युवकों को सिमरिया रेस्ट हाउस ले जाकर आईएफएस साकिब आलम से मिलवाया और पैसे लिए।?इसके बाद उनकी मौजूदगी में वनरक्षी के पद के लिए फॉर्म भरवाए गए। फॉर्म अप्लाई करने के बाद अवधेश तिवारी ने उन्हें चतरा वन विभाग में रिपोटिंग करवाई, जहाँ पाराडीह के तुलेश्वर राणा, सुमेंदर राणा समेत अन्य मौजूद थे। कर्मचारी ने ओएमआर सीट भरवाई, वर्दी की नाप ली और सिलवाई करवाई। इसके बाद वर्दी पहनाकर चतरा-सिमरिया रोड स्थित गोढाई मोड़ के समीप जंगल में ट्रेनिंग कराई गई। ट्रेनिंग के दौरान युवकों को दौड़ाया गया और पेड़-पौधों के बारे में जानकारी दी गई। अवधेश तिवारी ने अपनी नौकरी का भरोसा दिलाते हुए और अपना आईडी कार्ड दिखाते हुए कहा कि वे सर्विस में हैं और कोई गलती नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्य युवकों के ऑफिस में किए जा रहे हैं और उनकी इंट्री वन विभाग चतरा के रजिस्टर में है। इसके बाद सभी युवकों को महेश भुइयां नामक व्यक्ति का एकाउंट नंबर दिया गया, जिसमें उन्होंने पैसे जमा किए। कुछ पैसे साईं होटल में कैश भी दिए गए। इसके बाद उनके एकाउंट पर सर्विस बुक भरवाई गई और खाता खुलवाने के लिए फॉर्म भरवाए गए। रांची वन विभाग मुख्यालय में सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन समेत अन्य सम्बंधित कार्य के लिए कनेक्शन का दावा किया गया, जहाँ अवधेश तिवारी समेत अन्य की मौजूदगी में वेरिफिकेशन की गई। इसके बाद इन सभी के खातों में ट्रेवल एलॉन्स कर ट्रेजरी से 1430 रु भेजे गए और प्राण कार्ड बनाए गए। ट्रेनिंग के बाद युवकों को घर भेज दिया गया और कहा गया कि पोस्टिंग लेटर उनके घर भेज दिए जाएँगे। इसके बाद युवकों ने पूरा पैसा दे दिया, लेकिन पोस्टिंग लेटर नहीं मिला। जब युवक अवधेश तिवारी से मिलने गए और काम करवाने या पैसे वापस करने को कहा, तो उन्होंने कहा कि युवकों ने जिस एकाउंट में पैसे डाले हैं, उससे जाकर मिलें। उन्होंने पैसे देने से इनकार कर दिया और सबूत माँगा। जब युवकों ने कॉल रेकॉर्डिंग, ऑडियो और खाते में ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड दिखाया, तो अवधेश तिवारी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडे से मारने की कोशिश की। इसके बाद सभी युवक फरार हो गए। भुक्तभोगियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस घटनाक्रम में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी के साथ भी इस तरह की ठगी न हो।






## वनकर्मी अवधेश तिवारी ने आरोपों को बताया निराधार

वनकर्मी अवधेश तिवारी ने उन पर लगे आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि वे सबूत दें कि उनकी ट्रेनिंग कहाँ हुई, कहाँ पैसा लिया गया और कहाँ उन्हें देखा गया। उन्होंने वन विभाग कार्यालय में हुए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन को भी प्रमाणित करने को कहा है। उन्होंने रेस्ट हाउस और होटल में मिलने के आरोपों को भी निराधार बताया है। हालाँकि, उन्होंने स्वीकार किया कि जिस व्यक्ति को काम के लिए पैसे दिए गए थे, उसे उन्होंने भी पैसे दिए थे, इसलिए उन्हें देखा गया होगा।

## एफआईआर दर्ज नहीं होने से चतरा पुलिस पर सवाल

एक महीने में दो बार आवेदन के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं होने से चतरा पुलिस पर सवाल उठ रहे हैं। भुक्तभोगी पंकज ने बताया कि उसने सदर थाना में आवेदन दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। थाना प्रभारी ने दोबारा आवेदन मांगा जो दिया गया। इसके बाद भी पुलिस आवेदनकर्ता को टहला रही है। थाना प्रभारी ने आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज करने की बात कही है, लेकिन एक महीने बाद भी एफआईआर नहीं हुई है। अब देखना होगा कि पुलिस एफआईआर दर्ज करती है या युवक लगातार थाने का चक्कर लगाता रहेगा।

## संयुक्त छात्र मोर्चा ने दिया धरना

**कोडरमा।** जेजे कॉलेज सहित जिले के सभी डिग्री कालेजों को विनोबाभावे विश्विद्यालय हजारीबाग से गिरिडीह स्थानांतरित करने के खिलाफ मंगलवार को संयुक्त छात्र मोर्चा ने कॉलेज के समक्ष ?रना प्रदर्शन किया, जिसमे विभिन्न छात्र संगठनों के अलावे राजनैतिक दलों के नेता शामिल हुए ?रना को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि किसी भी सूरत में यहां के कॉलेजों को गिरिडीह में नवनिर्मित विश्विद्यालय में स्थानांतरित होने नही दिया जाएगा।


**अब्दुल कय्यूम अंसारी उर्दू मध्य विद्यालय**
इरबा, राँची पिन कोड- 835219, झारखण्ड
**आवश्यकता**

कक्षा 1 से 8 में सेवा निवृत एवं एक शिक्षक के निधन के उपरांत राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत पद के विरूद्ध तीन (03) रिक्त पद पर सहायक आचार्य की आवश्यकता है। इसमें सरकार द्वारा निर्धारित निम्नतम योग्यता इन्टर प्रशिक्षित एवं राज्य सरकार निर्धारित उम्र सीमा मान्य होगी। इसमें सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान 5200–20200 एवं ग्रेड पे. 2400 पर नियुक्ति की जायेगी। अधोहस्ताक्षरी प्रशिक्षित अभ्यर्थियों से दिनांक 18.09.2024 को अपराह्न 03.00 बजे तक निबंधित डाक द्वारा विद्यालय सचिव के पदनाम आवेदन आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नही किया जाएगा। चयन की प्रक्रिया, उर्दू, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान में लिखित परीक्षा के प्राप्तांक पर की जायगी। (उर्दू के जानकार को प्राथमिकता दी जाएगी) चयन के लिए दिनांक 22.09.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे मूल प्रमाण पत्रों के साथ लिखित परीक्षा हेतु विद्यालय में उपस्थित होना होगा। इसके लिए यात्रा भत्ता देय नही होगा।
इस विज्ञापन को किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार सचिव के पास सुरक्षित है।

पत्रांक दिनांक : ह./- सचिव



**Jharkhand Urja Utpadan Nigam Limited.**
(CIN: U40108JH2013SGC001703)
Office of the Project Manager, SRHP Sikidiri,
AT & P.O. --SIKIDIRI ( PIN Code: 835219)
DISTRICT- RANCHI, Jharkhand
E-mail ID :- srhp.sikidri@gmail.com Mob. No. :- 9431707312

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

Due to unavoidable circumstances NIT No. -03/PR/JUUNL/2024-25 is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 328431 Sd/-
PR 334550 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(24-25)#D
Project Manager SRHP, Sikidiri


## आम्रपाली : विस्थापित ट्रक मालिकों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली परियोजना में एक नंबर बेरियर के समक्ष विस्थापित प्रभावित वाहन मालिक संघ के द्वारा ट्रांस्पोटेरी एव स्थानीय, लिफ्टर और कोयला व्यवसायों से जुड़कर भाड़ा तोड़ने वाले के खिलाप ट्रक मालिको ने बीते रविवार से पांच सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की तीसरे दिन तक जारी है ।हड़ताल का समर्थन करने हंटरगंज, चतरा, सिमरिया, बड़कागांव, केरेडारी, टंडवा के पांच सौ से अधिक हड़ताल का समर्थन में पहुंचे थे। इस अवसर पर दुःख जाहिर करते हुये प्रभावित ट्रक मालिको संयोजक प्रकाश यादव ने कहा की ट्रांस्पोर्टेरो द्वारा 2018 की तय भाड़ा से भी कम भाड़ा कर दिया गया। इससे ट्रक मालिको का ट्रक चलाये तो एक दिन में 4800 का खर्च है ।और खड़े रखे तो 4000 का खर्च है ।उस स्थिति में हमलोग निर्णय लिया की इससे अच्छा हड़ताल पर जाने से अच्छा है। जब तक ट्रांस्पोर्टर राज्य सरकार व केंद्र सरकार के माप दंड में तय भाड़ा पर बात नही बन जाती आंदोलन जारी रहेगी ।वही विस्थापित वाहन मालिक संघ के प्रभारी संजीत यादव ने कहा की जब से माइंस खुली है। तब से ट्रांसपोर्टर की मनमानी जारी है। हम लोग की समस्या पर कोई शुद्ध नही लिया जाता चूँकि लिंकेज कोयला के मालिक ऊपर ऊपर से सेटिंग कर विभिन्न लिफ्टर नियुक्त कर हमलोग को भाड़ा तोड़ कर काम ले आते है ।वादा कर भुगतान के समय कई तरह का चार्ज जोड़ कर भाड़ा का काट के किया जाता रहा है।

## मुआवजे के साथ 33 हजार वोल्ट तार हटाने की मांग

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के बाईपास में बीती रात करंट लगने से इकबाल खान की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही इकबाल का शव परिजनों को सौंपा गया, परिजनों के साथ आक्रोशित लोगों ने घटनास्थल पर एनएच 20 को जाम कर दिया और प्रदर्शन करने लगे। वहीं सड़क पर बीचो-बीच शव रखकर लोग प्रदर्शन कर रहे हैं और फोरलेन निर्माण कंपनी के साथ बिजली विभाग पर लापरवाही का मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई करने की मांग की जा रही है। दरअसल जिस जगह पर घटना घटी वहां से ठीक बगल में इकबाल का घर था और निर्माण कंपनी की ओर से फोरलेन का निर्माण कार्य भी किया जा रहा था। निर्माण कार्य में लगे बांस भीगे हुए थे, जो दूसरी तरफ से 33 हजार वोल्ट तार से सटा हुआ था, जिसकी चपेट में आते ही इकबाल को जोरदार झटका लगा और वहीं पर उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर एक तरफ फोरलेन का निर्माण कार्य किया जा रहा है, तो दूसरी तरफ पुल और रिहायसी इलाके के बीच काफी कम जगह में 33 हजार वोल्ट का तार गुजर है, जो लगातार हादसो को आमंत्रण दे रहा है। इससे पहले भी इसी स्थान पर दो और लोगों की मौत करंट लगने से हुई थी।

## आपके महत्वपूर्ण सुझाव को संकल्प पत्र में लिए जाएंगे : डॉ.नीरा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भाजपा की घोषणा पत्र सुझाव अभियान के तहत झुमरीतिलैया के व्यवसायियों, शिक्षविदों, कर्मियों, उद्योगपतियों, अधिवक्ताओं एवं कई बुद्धिजीवियों सहित गण मान्य लोगों के साथ बैठक तिलैया नगर स्थित शिव वाटिका में विगत सोमवार को रात में रखा गया। इस बैठक की अध्यक्षता विधायक डॉ.नीरा यादव एवं संचालन शिवेंद्र सिंहा ने किया। वहीं विधायक ने सभी उपस्थित प्रबुद्ध जनों को सम्मान देते हुए एक एक कर उनसे सुझाव मांगे। जिसपर लोगों ने इस तरह से सुझाव लिए जाने की पार्टी की प्रक्रिया को सराहा। श्याम सुंदर सिंघानिया, डॉ. जितेंद्र बहादुर, बीएनपी बर्णवाल, राम रतन महर्षि, अभिषेक गुप्ता, प्रो. कमलेश कमल, संगीता शर्मा, प्रदीप केडिया आदि ने अपने अपने परिचय देते हुए एवं मोबाइल नंबर लिखाते हुए सुझाव प्रस्ताव एवं राय दिए। जिसे विाायक ने सहजता से उनके सुझाव को लिखते गए। साथ सभी को सुझाव अभियान के तहत एक पत्र भी लोगों के बीच बांटी, जिसमे क्यू आर कोड को स्कैन करने को कहा गया। स्कैन के बाद उसमे खुले फर्म को सुझाव के साथ भरते हुए सबमिट करने को कहा गया। इस तरह से कोई भी व्यक्ति या महिलाएं अपने घर बैठे स्कैन कर सुझाव दे सकते हैं। मौके पर जिला प्रभारी भैया अभिमन्यु प्रसाद, प्रदीप केडिया, श्याम सुंदर सिंघानिया, रामचंद्र सिंह, बिपिन यादव, प्रो प्यारेलाल यादव, अविनाश सेठ, संगीता शर्मा, रितेश मााव, आिवक्ता जगदीश सलूजा, राम प्रवेश पांडे, मुन्ना भदानी, संजीव यादव आदि उपस्थित थे।


निविदा सूचना सं०–05 / वि०प्रे०स्था०–11 / 2021–...122.. / वि०प्रे०
झारखण्ड सरकार
वित्त विभाग (प्रेस)

**अल्पकालीन निविदा सूचना**
रॉंची, दिनांक–.19.08.2024

1. वित्त विभाग अन्तर्गत झारखण्ड राजकीय मुद्रणालय, डोरण्डा, रॉंची में विशेष परिस्थिति में विभिन्न प्रकार के मुद्रण कार्य स्थानीय निजी प्रेस से करवाने के सम्बन्ध में मुद्रण का दर निर्धारण हेतु रॉंची स्थित मान्यता प्राप्त निजी प्रेसों से मुहरबन्द अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।
   निविदा दिनांक– 18.09.2024 को अपराहन 5.00 Pm बजे तक अवर सचिव, झारखण्ड राजकीय मुद्रणालय, डोरण्डा, रॉंची में प्राप्त की जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा किसी भी स्थिति में प्राप्त नहीं की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक 25.09.2024 को अपराह्न 3.00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी।
2. इच्छुक निविदादाता को अलग अलग लिफाफे में तकनीकी एवं वितीय निविदा ससमय समर्पित करना होगा। जिन निविदादाताओं का तकनीकी निविदा क्रय समिति द्वारा स्वीकृत किया जायगा, उन्ही निविदादाताओं के वित्तीय निविदा विचारणीय होंगे। निविदा में निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि ही भाग ले सकते हैं।
3. निविदा सम्बन्धी शर्त्त एवं वित्तीय निविदा का प्रारूप कार्यालय के सूचनापट्ट एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड के वेबसाईट (prdjharkhand.in) पर उपलब्ध है।
4. उपर्युक्त पर सचिव, वित्त विभाग का आदेश प्राप्त है।

ह०/–
(अमरेश कुमार चौधरी)
सरकार के अवर सचिव।

PR 334543 (Finance) 24-25 (D)


## सहोदया कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में गुरू शिखर सम्मान समारोह का आयोजन

# शिक्षक दिवस के पूर्व गुरू शिखर सम्मान में गुरुजनों को लगा सम्मान का तिलक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका में मान्यता प्राप्त विद्यालयों के समूह कोडरमा स्कूल सहोदया कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में गुरू शिखर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मान्यता प्राप्त सतरह विद्यालय के प्राचार्य सहित चार चार उत्कृष्ट शिक्षक शिक्षिकाओं को अंग वस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रामकृष्ण मिशन रांची के सह सचिव स्वामी अंतरानंद, विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, सहोदया कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष सह मॉर्डन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार, सचिव सह कैलाश राय विद्या मंदिर के प्राचार्य शर्मेंद्र साहू, मॉर्डन पब्लिक स्कूल की निदेशिका संगीता शर्मा, ग्रिजली विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ, सहोदया कॉम्प्लेक्स के मीडिया प्रभारी सह विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर विधि पूर्वक किया। तत्पश्चात् सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिवादन किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरा यादव के आगमन पर विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल की छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में शम्मा बांध दी। वहीं सहोदया कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष ने अपने स्वागत भाषण से सभी अतिथियों, आगंतुकों, निदेशकों, प्राचार्यो, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं का स्वागत व अभिनंदन किए। वहीं उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से शिक्षकों के अंदर नई ऊर्जा का संचयन होगा और बेहतर कार्य के लिए प्रेरित होंगे।

इसके उपरांत क्रमबद्ध मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी, मेरिडियन अकादमी, बीआर इंटरनेशनल स्कूल, ग्रिजली विद्यालय, नेशनल पब्लिक स्कूल, आरपी मोदी इंटरनेशनल हाई स्कूल, आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय, सेक्रेड हार्ट स्कूल, विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल, शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर, जीएस पब्लिक स्कूल, झारखंड पब्लिक स्कूल, इकरा पब्लिक स्कूल, पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्राचार्यो एवं चार चार शिक्षक शिक्षिकाओं को मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों के हाथो अंगवस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि स्वामी अंतरानंद ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चों को भारतीय परंपरा अनुसार शिक्षा दीक्षा व संस्कार देने की आवश्यकता है। जिससे पुनः एक बार सुविकसित व सुसभ्य भारत का निर्माण हो सके और यह नेक काम आप जैसे शिक्षकों के जिम्मेवारी है। अतः आप सभी अपने अपने जिम्मेवारी का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करें। वहीं मुख्य अतिथि विधायक डॉ.नीरा यादव ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को मॉर्डन विषयों के साथ साथ नैतिक शिक्षा की भी ज्ञान देना अतिआवश्यक है। ताकि बच्चें केवल नौकरी तक सीमित न रहे, बल्कि एक सभ्य व जिम्मेवार नागरिक बन सके। पढ़ाई के उपरांत अपने देश, समाज व परिवार की सेवा कर सके। बच्चों को मोबाइल से बाहर निकालने की जरूरत है, ताकि वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन उचित तरीके से कर सके। कार्यक्रम के मध्य में मॉडर्न पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने शानदार फॉक नृत्य प्रस्तुत की। वहीं बीआर इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने झारखंडी नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इधर कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा ने शिव पार्वती पर आधारित धार्मिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी की ताली बटोरी। इस अवसर पर सेक्रेड हार्ट स्कूल के निदेशक प्रमोद कुमार, बीआर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ओपी राय, जीएस पब्लिक स्कूल के निदेशक नितेश कुमार, मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी ने निदेशक रजनीश शर्मा, मेरिडियन अकादमी के निदेशक एस श्रीनिवास, नेशनल पब्लिक स्कूल के निदेशक मुस्ताक खान, आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव, झारखंड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अब्दूल रहमान, इकरा पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सह सहोदया कॉम्प्लेक्स के कोषाध्यक्ष मकसूद आलम, शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य सहित सभी विद्यालय के निदेशक, प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। वहीं विशेष आमंत्रित अतिथिओं में भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पाण्डेय, कैपिटल विश्वविद्याल के रजिस्ट्रार तोमर सर, रोटरी क्लब चैप्टर आठ की गवर्नर संगीता शर्मा, रोटरी क्लब झुमरीतिलैया के अध्यक्ष अमित कुमार, सचिव प्रवीण बर्णवाल, पासवा के जिलाध्यक्ष प्रो.बीएनपी बर्णवाल, गौशाला समिति से प्रदीप केडिया, चैंबर ऑफ कॉमर्स से रामरतन महर्षि समेत कई लोग मौजूद थे।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN :U40108JH2013SGC001702)
**ELECTRIC SUPPLY AREA, DUMKA**
FAX No. 06434-226812, E-mail ID : gm_esadk@rediffmail.com

**Inviting Short e-Tender Notice**

e-Tenders are invited under ADP head 2024-25 from reputed, experienced and financially sound Manufactures/Suppliers/Authorized dealer having authorization of manufacturers, manufacturers permanentally registered with MSMEs/SSI/NSIC units and having adequate testing facilities for supply of following materials :-

| NIT No. | Group | Sl. No. | Name of Material | Unit | Quantity | Cost of tender with GST (In Rs.) | E.M.D (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 126/PR /JBVNL/ 24-25 | A | 1 | 33 KV Polymer Pin Insulators 10 KN with GI PIN | Set | 2000 | 5000+ 900 =5900.00 | 61200.00 |
| | | 2 | 33 kV B&S type Disc Insulator (Polymer Type) 70 KN with H/W fitting | Set | 600 | | |
| | | 3 | 11 KV Pin Insulator 10 KN, OD 40 mm dia with Pin (Polymer Type) and nut & washer | Set | 4200 | | |
| | | 4 | 11 KV B&S type Disc Insulator (Polymer Type) 70 KN with H/W fitting | Set | 800 | | |
| 127/PR /JBVNL/ 24-25 | B | 1 | GI stay set complete for D/s/s (1900x 20mm) with staywire 7/10 SWG and Guy insulator | Set | 200 | 5000+900 = 5900.00 | 59200.00 |
| | | 2 | 11 KV Stay Set Complete (1800x16 mm) with stay wire 7/10 SWG and guy insulator | Set | 400 | | |
| | | 3 | Stay Set complete (1800x20mm) with stay wire 7/10 SWG & Guy Insulator (Galvanised) | Set | 200 | | |
| | | 4 | Rod type Earthing (25 mm Dia MS Rod 3 mtr long) | Set | 100 | | |
| | | 5 | HDPE pipe-160 mm/6" PE-63 Grade | Mtr. | 2000 | | |
| | | 6 | GI Pipe 8" medium duty (B Class) | Mtr. | 180 | | |
| | | 7 | Nuts & Bolts different size | Kg | 1550 | | |
| 128/PR /JBVNL/ 24-25 | C | 1 | 33 kv Pole Top Bracket 65x65x6 mm [GALVANIZED] (3.58 Kgs.) | Nos. | 200 | 5000+900 = 5900.00 | 78800.00 |
| | | 2 | 33kv V Cross Arm for (100x50x6 mm)[GALVANIZED] (19.7 Kgs.) | Nos. | 150 | | |
| | | 3 | Support Clamp for V Cross Arm for 60kg Rail Pole[GALVANIZED] (1.6 Kgs. each) | set | 200 | | |
| | | 4 | Angle/side Stay Clamp (50x6 mm) for 60kg Rail Pole [GALVANIZED] (1.92 Kgs.) | Set | 200 | | |
| | | 5 | D P Channel Support Clamp ( 50x6 mm) feet (1 pair = 1 set) for 60kg Rail Pole[GALVANIZED] (2.25 Kgs. each) | Pair | 50 | | |
| | | 6 | 33kv D P Channel (100x50x6 mm) 2200 mm Long [ GALVANIZED] (45.5 Kgs.) for AB Switch & LA | Set(1set=2 no) | 50 | | |
| | | 7 | 33 KV Cross bracing for DP Channel[GALVANIZED] (64.3 Kgs.) | set | 50 | | |
| | | 8 | Clamp for Cross Bracing Set of 2 pair for 60kg Rail Pole[GALVANIZED] (1.872 Kgs. each) | Set | 50 | | |
| | | 9 | Support clamp for Cross Bracing for 60kg Rail Pole[GALVANIZED] (2.5 Kgs. each) | Pair | 50 | | |
| | | 10 | 11kv Pole Top Bracket 50x8 mm [GALVANIZED] (2.2 Kgs.) | Nos. | 500 | | |
| | | 11 | 11kv V Cross Arm (100x50x6 mm), [GALVANIZED] ( 19.7 Kgs.) | Nos. | 800 | | |
| | | 12 | Back clamp ( 50x6 mm) for V-cross arm [GALVANIZED] (1.3 Kgs.) | Nos. | 800 | | |
| | | 13 | Back clamp ( 50x6 mm) for Top Bracket [GALVANIZED] (1.3 Kgs.) | Nos. | 1000 | | |
| | | 14 | Support Clamp for V Cross Arm for 9 mtr 400kg PSC pole[GALVANIZED] (2.6 Kgs. each)(each set=2 no clamp) | set | 300 | | |
| | | 15 | Angle/side Stay Clamp ( 50x6 mm) for 8 mtr 200kg PSC Pole[GALVANIZED] (1.08 Kgs.) | Set | 400 | | |
| | | 16 | 11kv D P Channel ( 75x40x6 mm) [GALVANIZED] (41.3 Kgs.) | Set(1set=2 no) | 50 | | |
| | | 17 | 11kv D P Channel ( 75x40x6 mm) [GALVANIZED] (41.3 Kgs.) for LA and AB switch | Set(1set=2 no) | 50 | | |
| | | 18 | D P Channel Support Clamp ( 50x6 mm) feet ( 1 pair = 2no ) for 9 mtr 400kg PSC Pole[GALVANIZED] (1.5 Kgs. each) | Pair | 50 | | |
| | | 19 | 11kv V Cross Arm (75x40x6 mm), [GALVANIZED] (14.6 Kgs.) | Nos. | 1000 | | |

| | |
|---|---|
| Date of Publication of Tender on website | 05.09.2024 upto 05:00 P.M |
| Start Date/time for upload/submission of bids | From 05.09.2024 at 05:00 PM |
| End Date/time for upload/submission of bids | 20.09.2024 upto 05:00 PM |
| Date/time of opening of Techincal Part-I | 21.09.2024 at 05:00 PM |
| Date/time of opening of Techincal Price Part-II | Will be communicated |
| Name & address of office inviting tender | GM cum-CE, ESA, Dumka |
| Contact No. of procurment officer | 9955692700, 06434-358870 |

NOTE :- Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website : http:www.jharkhandtenders.gov.in or www.jbvnl.co.in

(Rakesh Prasad)
General Manager cum-Chief Engineer
Electric Supply Area, Dumka

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/- GM-cum-CE ESA, Dumka

PR 334425 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 24-25 (D)

स्पीड न्यूज

## केशलपुर पिट में कर्मियों को बंधक बनाकर लूटपाट

**कतरास।** रामकनाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत केशलपुर 02 नंबर पिट में बीसीसीएल कर्मियो को बंधक बना कर अपराधकार्मियों के द्वारा लूट की खबर है। बताते चलें कि सोमवार की रात्रि हरवे हथियार से लैश अपराधियों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। लूटपाट की घटना से यहां कार्यरत कर्मियों में दहशत का माहौल है। कर्मियों ने प्रबंधन से उक्त पिट में पर्याप्त सुरक्षा की मांग की है। घटना को लेकर कोई भी कुछ बताने से परहेज कर रहा है। मामले में क्या और कितनी लूट हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## मॉडर्न स्कूल में वार्षिक कला प्रतियोगिता का आयोजन

**मैथन।** एसजीडी मॉडर्न स्कूल के बिहारी अग्रवाल मेमोरियल प्राइमरी कैंपस में मंगलवार को वार्षिक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।स्कूल के प्रधानाचार्य जुबिन बोस ने बच्चों को संबोधित कर उनका हौसला बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में कक्षा प्रीस्कूल से कक्षा 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया।उन्होने कहा कि कला प्रतियोगिता मे नन्हे कलाकारों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने, पहचान बनाने और संभवतः आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित होने का अवसर प्रदान करती हैं। कला प्रतियोगिताओं में भाग लेना, चाहे बच्चे विशेषज्ञ हों या शुरूआती, कलात्मक रूप से विकसित होने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है।
प्रतियोगिता में सफल आए बच्चों को पुरस्कृत किया गया।मौके पर स्कूल की उप प्रधानाचार्या जौली दत्ता के अलावे शिक्षक व शिक्षिकागण उपस्थित थे।

## गोविंदपुर प्रखंड भाकपा माले व मासस की संयुक्त बैठक आयोजित

**गोविंदपुर ।** गोविंदपुर प्रखंड भाकपा माले व मासस की संयुक्त बैठक मंगलवार को सारथी मंडल की अध्यक्षता में हुई। इसमें 9 सितंबर को भाजपा हटाओ- लूट मिटाओ, बिरसा के सपनों का झारखंड बनाओ नारों के साथ धनबाद में आहूत मासस-माले की एकता रैली में भागीदारी का निर्णय लिया गया। गोविन्दपुर प्रखंड के सभी गाँवो में लोगो के बीच पर्चा, पोस्टर वितरण, दिवाल लेखन तथा प्रचार- प्रसार अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपसचिव कार्तिक प्रसाद, नकुलदेव सिंह, फटीक चंद्र मंडल, आरिफ अंसारी, जमशेद अंसारी, महेश प्रसाद महतो, एस पी साहू, सीताराम कुंभकार, डब्लू महतो, नसीम अंसारी, अशोक मंडल, आनन्द रवानी, अभिजीत सिंह, जयजीत मुखर्जी, अर्जुन सिंह, लाल बिहारी राय, तपन कुमार सिंह, बबलू गोराई, नकुल राय, किशन मंडल, भृगु राम महतो, रोहिणी महतो, नाविक कुमार आदि शामिल थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## विद्यार्थी परिषद ने सौंपा प्राचार्य को ज्ञापन

# समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज करेंगे : सुधांशु गुप्ता

▸▸ प्राचार्य ने परिषद के सदस्यों को सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का दिया आश्वासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जोड़ापोखर।** डिग्री कॉलेज, जमाडोबा के छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान परिषद के मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सुधांशु गुप्ता, झरिया नगर प्रमुख बिनेश कुमार वर्मा, पिंटू साव, राकेश सिंह, ओम प्रकाश सिंह, जय कुमार, करन कुमार, और राहुल समेत कई सदस्य मौजूद थे।

छात्रों की समस्याओं को लेकर परिषद के सदस्यों ने बताया कि कॉलेज में इंटरमीडिएट कक्षाओं का अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है, जिसके कारण नए प्रवेशित छात्रों को पढ़ाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही कॉलेज में नियमित कक्षाओं का संचालन भी सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

इसके अलावा, कॉलेज परिसर में पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण छात्रों को पानी के लिए बाहर निर्भर रहना पड़ता है। यह स्थिति छात्रों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। वहीं, कॉलेज की ओर से अभी तक छात्रों को पहचान पत्र जारी नहीं किए गए हैं, जिससे उन्हें विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में कठिनाई हो रही है।

परिषद ने इन सभी समस्याओं के समाधान की मांग की है और प्राचार्य से अनुरोध किया है कि वे शीघ्रातिशीघ्र इंटरमीडिएट कक्षाओं का संचालन शुरू करें, नियमित कक्षाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करें, पीने के पानी की उचित व्यवस्था करें और छात्रों को पहचान पत्र जारी करें।

इस अवसर पर सुधांशु गुप्ता ने कहा, 'छात्रों की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। हम चाहते हैं कि सभी छात्र बिना किसी कठिनाई के अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। अगर इन समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो हम अपने आंदोलन को और तेज करेंगे।'

प्राचार्य ने परिषद के सदस्यों को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा और छात्रों की पढ़ाई को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# निरसा में भूमाफिया कर रहे थे सरकारी जमीन पर कब्जा, सीओ ने रुकवाया

▸▸ कहा- जो लोग भी निर्माण कार्य करेंगे तथा दोषी होंगे उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** निरसा अंचल के वैद्यपुर गभला मौजा नंबर 13, खाता नंबर-168, प्लाट नंबर 2080, 2092 एवं 2093 के कुल रकबा 99 डिसमिल जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा करने के लिए अवैध निर्माण कार्य करहा रहे थे। शिकायत पर निरसा सीओ रमेश रविदास मंगलवार की शाम निर्माण स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया। कुछ लोगों ने कहा कि सरकार द्वारा उन लोगों के नाम उक्त सरकारी जमीन बंदोबस्ती में दी गई है। सीओ ने कहा कि कागजात लेकर अंचल कार्यालय पहुंचे। कागजातों की जांच के बाद निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल निर्माण कार्य बंद रहेगा। जो लोग भी निर्माण कार्य करेंगे तथा दोषी होंगे उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि वैद्यपुर निवासी इमामुद्दीन अंसारी ने उपायुक्त एवं अंचलाधिकारी को पत्र लिखकर कहा था कि वह जमीन सरकारी है। कुछ भूमाफियाओं द्वारा सरकारी जमीन को गलत दस्तावेज बनाकर खरीद बिक्री किया जा रहा है तथा निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इमामुद्दीन की शिकायत पर सीओ ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर जांच की तथा निर्माण कार्य को रुकवाया। इमामुद्दीन ने अपनी शिकायत में कहा है कि कई व्यक्ति उक्त सरकारी जमीन पर अपना-अपना अवैध दखल करने का प्रयास कर रहे हैं। इस क्रम में कई बार मारपीट की घटना भी घट चुका है और कभी भी उक्त स्थल पर बड़ा घटना घट सकता है।

## बीडीओ ने किया बीसीजी टीकाकरण का उद्घाटन

**जामताड़ा।** नारायणपुर बीडीओ मुरली यादव ने मंगलवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वयस्क बीसीजी टीकाकरण की शुरूआत की। इसकी शुरूआत बीसीजी का प्रथम टीका देकर की गई। मौके पर बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में यह अभियान अगले 3 महीने तक चलेगा। इसका उद्देश्य प्रखंड से टीबी का समूल उन्मूलन है। इसमें प्रत्येक नागरिक की परस्पर सहभागिता जरूरी है। उन्होंने वयस्क नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि टीकाकरण अवश्य करायें। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार सिंह,प्रमुख अंजना हेम्ब्रम, बीपीएम अखिलेश कुमार सिंह, बीडीएम मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।


## एक नजर में

### निकट बनियाहीर 4 नंबर में गैस रिसाव के साथ गोफ बना, विधायक ने लिया जायजा



**झरिया ।** झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग (ठल्र – 218) के इंदिरा चौक के निकट बनियहीर 4 नंबर में गैस रिसाव के साथ गोफ बन जाने तथा बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा चलाए जा रही राहत कार्य का जायजा लेने विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज नीरज सिंह घटनास्थल पर पहुंची। घटनास्थल का जायजा लेते हुए उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से उपस्थित अंचल अधिकारी और बीसीविधायकसीएल अधिकारीयो से खनन सुरक्षा के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा जान माल की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अविलंब बचाव कार्य में तेजी लाने की दिशा में कारवाई का निर्देश दिया।

### महुदा रेलवे ग्राउंड में बिजली खंभे के तारों से पेड़ की टहनियाँ टकराने से हादसे की संभावना



**महुदा ।** महुदा रेलवे ग्राउंड के मुख्य रास्ते पर स्थित एक खंभे से गुजरी बिजली के तारों से पेड़ की टहनियों के बराबर टकराने की घटना से यहाँ किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता. बताते चले की ग्राउंड में प्रतिदिन सुबह शाम दर्जनों की संख्या में लड़के लड़कियां सहित क्षेत्र के वृद्ध टहलने एवं व्ययाम करने के लिए आते हैं. अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती हैं. रेल प्रबंधन इस मामले में लापरवाह बना हुआ है।

### हेल्थ वर्कर्स को लगाएं टीका : बीडीओ

**जामताड़ा।** नारायणपुर बीडीओ मुरली यादव ने मंगलवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वयस्क बीसीजी टीकाकरण की शुरूआत की। कहा कहा कि हेल्थ वर्कर्स, पुलिस विभाग, फ्रंट लाइन वर्कर्स, 18 प्लस, 60 प्लस आदि को वैक्सीनेशन से आच्छादित करें। बताया कि टीबी से बचाव हेतु बीसीजी एक सुरक्षित टीका है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है। दो सप्ताह से ज्यादा समय से खांसी हो, दो सप्ताह का बुखार, वजन में कमी होना, कफ के साथ खून आना जैसे लक्षण दिखने पर चिकित्सकीय परामर्श लें। उन्होंने पंचायत कर्मियों का सहयोग लेने को जरुरी बताया। कहा कि ब्लड डोनेशन कैंप में भी सबकी भागीदारी होनी चाहिए, ताकि ज्यादा से ज्यादा ब्लड एकत्रित कर पाएं और जरूरतमंद लोगों की मदद की जा सके।

### रेड क्रॉस ने गोपाल रविदास को भेंट की ट्राई साइकिल

**धनबाद।** भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद द्वारा मंगलवार को दिव्यांग गोपाल रविदास को ट्राई साइकिल प्रदान किया गया ।इस अवसर पर कौशलेंद्र कुमार सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद, कुमार मधुरेन्द्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य सह सलाहकार अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद, कोषाध्यक्ष श्वेताम्बरा पाठक भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद एवं आजीवन सदस्य लीला मांजी भारतीय रेडक्रास समिति मौजूद रहीं। गोपाल रविदास ने ट्राई साइकिल प्राप्त कर भारतीय रेडक्रास समिति एवं समाज कल्याण विभाग धनबाद को धन्यवाद दिया।

### सड़क दुर्घटना में एक युवती ग घायल बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के कालीपहाड़ी गांव के पास मंगलवार सुबह करीब 10 बजे सड़क दुर्घटना में एक लडकी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार निरसा थाना क्षेत्र के कुमरडूबी निवासी जितेंद्र यादव की 22 वर्षीय पुत्री किरण कुमारी जो माइक्रो फाइनेंस निरसा में जॉब करती है।वहां से स्कूटी से नारायणपुर फाइनेंस का पैसा उठाने आ रही थी।इसी दौरान करमाटांड करमदहा मार्ग में कालीपहाड़ी गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया ओर वाहन फरार दिया।जिससे स्कूटी सवार किरण कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद घायल लड़की का इलाज सीएचसी नारायणपुर में चिकित्सकों के द्वारा किए जाने के बाद उसे धनबाद रेफर कर दिया गया।

## मुआवजा व पुनर्वास के बाद ही बस्ती के लोगों को हटायें : शरद महतो



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** फुलारीटांड़ मोहलीपट्टी में बीसीसीएल के 7 पैच की शुरूआत होने को लेकर मोहलीपट्टी के ग्रामीणों को हटाने का नोटिस दिए जाने के बाद यहां वर्षों से रह रहे ग्रामीणों के बीच हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों की सूचना पर धनबाद सांसद के अग्रज सह प्रतिनिधि शरद महतो मौके पर पहुंचे। मौके पर ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन के मनमाने रवैये से अवगत कराया। ग्रामीणों की शिकायत पर सांसद प्रतिनिधि शरद महतो ने बीसीसीएल के प्रबंधक से फोन पर बात की तथा उन्होंने मोहलीपट्टी के ग्रामीणों को उचित मुआवजा व सुरक्षित पुर्नवास की मांग की। उन्होंने मुआवजा व पुनर्वास देकर सुरक्षित जगह पर बसाने के बाद ही बस्ती खाली कराने की कार्यवाही की बात कही।

# प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी को प्रथम स्थान

▸▸ प्राचार्य सहित पूरे विद्यालय परिवार ने प्रतिभागियों का दीं शुभकामनाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**सिंदरी।** बोकारो जिला के फुसरो स्थित अनपति देवी सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में विद्या विकास समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विगत 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चले इस महोत्सव में सिंदरी के किशोर वर्ग की छात्राओं ने लोकनृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रांतीय विजेता घोषित की गई। ये छात्राएं बिहार के सीतामढ़ी में 22 से 23 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले क्षेत्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का कौशल दिखाएंगी। विजेताओं में अनुष्का कुमारी, श्रेया चक्रवर्ती, रितिका सिंह, रिद्धि हलधर, सुधा डे, काव्यांजलि, प्रेमलता भास्कर, श्रेया कुमारी, दिलप्रीत कौर, स्वीटी कुमारी, कोमल पाठक, रिया विश्वास, निधि पांडेय, आरती कुमारी व छात्र आयुष कुमार शामिल हैं। विजेताओं को प्रबंध समिति अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार वर्मा व प्रो सुधीर कुमार सिंह, सचिव शशि भूषण कुमार गुप्ता, महासचिव डॉ अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष महेंद्र यादव, प्राचार्य सुनील कुमार पाठक, संगीत आचार्य सत्येंद्र तिवारी व शिक्षिका बनार्ली बनर्जी के साथ पूरे विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दीं।

# लीजधारकों की समस्या को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने की सांसद से मुलाकात



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** एफसीआई सिंदरी प्रबंधन द्वारा लीज आवासों को अंडरटेकिंग जमा करने के सर्कुलर जारी करने के बाद लीजधारकों में हड़कंप मच गया है। एफसीआई सिंदरी के 1600 लीजधारकों को यह प्रपत्र मंगलवार तक जमा करना था। इसपर विरोध करते हुए भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने धनबाद सांसद ढुलू महतो से मुलाकात कर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे भाजपा नेता दीपक कुमार दीपू ने बताया कि सांसद ने इस बावत प्रबंधन से बात कर सर्कुलर पर रोक लगाने की बात की। उन्होंने बताया कि सांसद ने आश्वस्त किया है कि कुछ दिनों में एफसीआई सिंदरी गेट पर आकर लोगों की समस्याओं को समझा जाएगा और प्रबंधन से वार्ता भी की जाएगी। भाजपा नेता ने बताया कि सांसद ने सिंदरीवासियों को आश्वस्त किया है कि घबराने की जरूरत नहीं है।

प्रतिनिधिमंडल में सिंदरी मंडल अध्यक्ष अरविंद पाठक, सूरज प्रसाद, राजीव सिंह उर्फ मुन्ना शामिल थे।

## असर्फी हॉस्पिटल ने लगवाया जांच शिविर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** मंगलवार को असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में असर्फी हॉस्पिटल ने मुरारिडीह, बरवाअड्डा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगवाया।इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। जिसमें मुख्य रूप से कैंसर के लक्षण, बचाव के उपाय और इसके प्रारंभिक स्तर के निदान को करना था। अस्पताल के सीओ श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा, हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस प्रकार के शिविर हमारे समाज के उन वर्गों तक पहुंचने का एक प्रयास है, जो नियमित स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रहते हैं। कहा कि भविष्य में भी इस तरह के और शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों लाभान्वित हो सके।

# अमावस्या महोत्सव के चौथे दिन मंदिर परिसर में अवस्थित शिव परिवार व हनुमान जी का पूजन

▸▸ शिवलिंग पर महा रुद्राभिषेक यजमान राजकुमार अग्रवाल मधु ने सपत्नीक कराया।

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कतरास।** श्री श्री राणी सती मंदिर कतरास में 26वें भादो अमावस्या महोत्सव के चौथे दिन मंदिर परिसर में अवस्थित शिव परिवार व हनुमान जी का पूजन किया गया। इस क्रम में शिवलिंग पर महा रुद्राभिषेक यजमान राजकुमार अग्रवाल मधु ने सपत्नीक कराया। बाबा भोलेनाथ को 21 किलो दूध, बेलपत्र, शमी पत्र, विभिन्न फलों के रस, पंचामृत आदि द्रव्यों से अभिषेक कर श्रृंगार पूजन किया गया। पूजन का कार्य पंडित अर्जुन पांडे के द्वारा अपने सहयोगी विद्वान ब्राह्मणों के साथ करवाया गया। मौके पर गोपाल चौधरी, प्रमोद कुमार अग्रवाल, बजरंग, कृष्णा, सोनू सहित मंदिर कमेटी के सचिव राजेश केडिया,प्रदीप सोनी,शशि अग्रवाल, मणि शर्मा आदि शामिल हुए।

# रेलवे स्टेडियम में पौधारोपण सह श्रमदान कार्यक्रम चलाया

**खबर मन्त्र संवादाता**




**धनबाद।** मंगलवार को रेलवे स्टेडियम में पौधारोपण सह श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मंडल क्रीड़ा अधिकारी सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार,सहायक क्रीड़ा अधिकारी सह मंडल पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधक रोहित सिंह, मंडल अभियंता (ट्रैक) टी. एवं रेलवे के खिलाड़ियोंऔर कर्मचारियों ने श्रमदान करते हुए पौधारोपण किए।मंडल क्रीड़ा अधिकारी अजित कुमार ने श्रमदान के लिए अग्रणी भूमिका निभाई एवं खिलाड़ियों का नेतृत्व किया। इस श्रमदान कार्यक्रम में रेलवे स्टेडियम के विभिन्न जगहों से पत्थरों को हटाया गया,बड़े बड़े झाड़ियों को साफ किया गया एवं विभिन्न जगह पौधारोपण किया गया।

स्पीड न्यूज

## चेंबर ने सेंट्रल जीएसटी को विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर का एक प्रतिनिधिमंडल जीएसटी ग्रिवांस रिड्रेसल कमिटि की रांची में आयोजित बैठक में शामिल होकर जीएसटी से संबंधित विभिन्न सुझावों का ज्ञापन सौंपा। इस बैठक में चीफ सेन्ट्रल जीएसटी आयुक्त बिहार एवं झारखण्ड बलबीर सिंह, जमशेदपुर सेन्ट्रल जीएसटी आयुक्त बी.बी. गुप्ता, स्टेट जीएसटी अपर आयुक्त श्रीमती कंचन लाल एवं विनय सिन्हा ने झारखण्ड राज्य के विभिन्न व्यवसायिक एवं प्रोफेशनल संगठनों के आये प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जीएसटी से संबंधित उनके सुझाव लिये। यह जानकारी उपाध्यक्ष वित्त एवं कराधान अधिवक्ता राजीव अग्रवाल ने दी तथा उन्होंने सुझाव कमिटि की बैठक में रखे।

## सुखराम हेंब्रम निजी स्तर से करायेंगे चांडिल में नाली की सफाई



**चांडिल।** स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक समाजसेवी सह झारखंड आंदोलनकारी सुखराम हेंब्रम ने चांडिल बाजार में बजबजाती नालियों का मुआयना किया। इस संबंध में ग्रामीणों ने समाजसेवी सुखराम हेंब्रम से आने वाले पर्व त्यौहार से पहले बजबजाती नालियों से निकलने वाली दुर्गंध वाली पानी से निजात दिलाने के लिए आग्रह किया है। सुखराम हेंब्रम ने कहा अपने निजी स्तर से नालियों का सफाई कार्य कराया जायेगा। जिससे लोगों को सड़क पर चलने में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा अपने स्तर से सभी दुकानदारों को डस्ट बिन उपलब्ध कराएंगे। लोगों ने सुखराम के इस पहल की सराहना की।

## महिला पॉलीटेक्निक गम्हरिया में नये सत्र का हुआ शुभारंभ



**गम्हरिया।** राजकीय महिला पॉलीटेक्निक गम्हरिया में मंगलवार से नए सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रबंधन की ओर से नव नामांकित छात्राओं के लिए ओरिएंटल कार्यक्रम 'अभिनंदन' का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटीआई , अर्का जैन विश्वविद्यालय जमशेदपुर के डीन डॉ0 अश्विनी कुमार, बतौर विशिष्ट अतिथि एसबीआई जमशेदपुर के सीनियर एसोसिएट सौरभ चटर्जी तथा सम्मानित अतिथि एसबीआई जमशेदपुर के एजीएम शिवेंद्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात प्रबंधन की ओर से पुष्पगुच्छ प्रदान कर और शॉल ओढ़ाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ अश्विनी ने कहा कि आज की छात्राएं कल की भविष्य हैं। उन्हें निखारने का कार्य संस्थान के शिक्षकों का है। कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान के प्राचार्य डॉ0 संजीव कुमार ने कहा कि कॉलेज की इन बेटियों को ऊंचाई पर ले जाने की जिम्मेदारी हमारी है। इस मौके पर संस्थान के प्रो0 राजेश प्रसाद, प्रो0 संजय कुमार भगत, प्रो0 ब्रजेन्द्र कुमार, सुबोध कुमार, बिहारी गोंड, विष्णु शंकर सिंह, शिवसागर प्रसाद समेत कई शिक्षक, छात्राएं व उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## डॉ दिनेशानंद 20 को चाकुलिया में लगायेंगे मेगा हेल्थ कैंप

**जमशेदपुर/चाकुलिया।** 8 सितंबर को चाकुलिया में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगेगा। इस शिविर में 20 अनुभवी डॉक्टर मरीजों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। डॉक्टरों के परामर्श पर मरीजों को मुफ्त दवाई दी जायेगी। डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के द्वारा विगत 3 वर्षों के दौरान आयोजित किया जाने वाला यह 60 वां स्वास्थ्य शिविर होगा। आज चाकुलिया के सम्पर्क कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर की तैयारी हेतु एक बैठक सम्पन्न हुआ।

# स्कूलों में रूफटॉप सोलर इंस्टालेशन को प्रोत्साहित करेगी टाटा स्टील यूआइएसएल : रितुराज सिन्हा

■ टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी ने निजी स्कूलों के प्रिंसिपल्स के साथ की चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्थिरता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने स्कूल प्रिंसिपलों के साथ एक सार्थक बातचीत की। बैठक में स्कूलों में रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के कार्यान्वयन और नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करने के लिए आवश्यक सहयोगात्मक प्रयास पर ध्यान केंद्रित किया गया।

सत्र के दौरान, एमडी ने शैक्षणिक संस्थानों में नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को एकीकृत करने के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्कूल स्थिरता के प्रति अगली पीढ़ी की मानसिकता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छत पर सौर पैनलों के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा में बदलाव के महत्व पर जोर दिया, जो न केवल कार्बन फुटप्रिंट को कम करता है बल्कि छात्रों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व को समझने के लिए एक शैक्षिक उपकरण के रूप में भी काम करता है।



निजी स्कूलों के प्राचार्यों के साथ बैठक करते एमडी रितुराज सिन्हा।

लोयोला स्कूल, डी.बी.एम.एस इंग्लिश स्कूल, बीएच एरिया, कार्मेल जूनियर कॉलेज, सोनारी, कार्मेल बाल विहार स्कूल, सोनारी, जुस्को स्कूल, कदमा, जुस्को स्कूल साउथ पार्क, काशीडीह हाई स्कूल, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर, केरला पब्लिक स्कूल, कदमा, डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल, नरभेराम हंसराज इंग्लिश एच.एस. स्कूल, बेल्डीह बैपटिस्ट स्कूल, जे.एच तारापोर स्कूल, धातकीडीह, सेंट मैरी इंग्लिश हाई स्कूल, एडीएलएस सनशाइन स्कूल, कदमा, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल सहित 17 स्कूलों ने इस सत्र में भाग लिया।

इस संवादात्मक सत्र में स्कूल प्रिंसिपलों को सौर ऊर्जा समाधानों को लागू करने के तकनीकी और तार्किक पहलुओं पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया, जिसमें संभावित चुनौतियां और टाटा स्टील यूआईएसएल से अपेक्षित सहायता शामिल है। एमडी ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि कंपनी सौर पैनलों की स्थापना में सहायता प्रदान करेगी, साथ ही ऊर्जा बचत और कार्बन ऑफसेट की निगरानी भी करेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नेट जीरो हासिल करना केवल एक लक्ष्य नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी है, उन्होंने स्कूलों से अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया।

प्रधानाचार्यों ने इस पहल के लिए उत्साह व्यक्त किया और इस बारे में अपने विचार साझा किए कि स्कूल व्यापक पर्यावरणीय लक्ष्यों में कैसे योगदान दे सकते हैं । कई ने स्थिरता परियोजनाओं में छात्रों को शामिल करने की संभावना पर भी प्रकाश डाला।

# छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़वाने में सहयोग करें राजनीतिक दल : उपायुक्त

■ जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

■ द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की दी जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा समाहरणालय सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पश्चात प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी।

डीसी ने बताया कि 25.07.2024 से 27.08.2024 तक 1 जुलाई को अहर्ता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण गतिविधियां संचालित की गई। इसके तहत 27 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। उन्होने बताया कि मतदाता सूची के फाइनल प्रकाशन में कुल 18 लाख 54 हजार 767 मतदाता सूचीबद्ध किए गए हैं जिसमें 9 लाख 27 हजार 747 पुरूष, 9 लाख 26 हजार 883 महिला एवं 137 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। 18 से 19 आयु वर्ग के 77172 नये मतदाताओं को जोड़ा गया है। जिला में ईपी रेसियों 64.50 है तथा लिंगानुपात 999 है। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 20748 मतदाताओं का नाम विलोपित किया गया है।



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल।

डीसी ने बताया कि प्रकाशित मतदाता सूची का सभी मतदान केंद्र में बीएलओ के पास, एईआरओ, ईआरओ कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध है। साथ ही कहा चुनाव के दौरान मतदान करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो, अतः मतदाता ऑनलाइन या ऑफलाइन किसी भी माध्यम से भी अपने नाम की सत्यापन/जांच आवश्य करा ले। उन्होने बताया निरन्तर मतदाता सूची अपडेशन आगे भी जारी रहेगा, इस प्रक्रिया के तहत छूटे हुए मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं अथवा त्रुटि का निराकरण करा सकता है।

इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनितिक दलों से निर्वाचन संबंधी सभी सेवाएं ऑनलाइन वोटर हेल्प लाईन ऐप/वोटर सर्विस पोर्टल पर उपलब्ध होने की जानकारी दी। इसके अलावे आम जनों की सुविधा हेतु 1950 टोल फ्री नंबर के माध्यम से मतदाता सूची मे अपने नाम का सत्यापन कराने की सुविधा का अपने स्तर से व्यापक प्रचार-प्रसार करने, एक जगह से दूसरे जगह प्रवासित करने वाले मतदाताओं को प्रपत्र 8 के माध्यम से मतदाता सूची मे नाम जुड़वाने के लिए आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करने की अपील की।

**झारखंड चुनाव क्विज में भाग लें जिलावासी और जीतें नकद इनाम :** राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनावी जागरूकता हेतु संचालित झारखण्ड चुनाव क्विज 2024 का प्रचार-प्रसार करने तथा स्थानीय युवाओं को इस क्विज में भागेदारी के लिए प्रोत्साहित करने की भी अपील राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि झारखंड. इलेक्शनक्विज.कॉम लिंक के माध्यम से झारखण्ड के वैध मतदाता इस क्विज में भागीदारी कर सकते है। क्विज में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का अंतिम तिथि 26 सितम्बर निर्धारित है। जबकि क्विज प्रतियोगिता 29 सितम्बर को 9 से 9:30 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित होगा।

## लहलहाने लगे कास फूल, मां दुर्गा के आगमन की तैयारी शुरू



कास फूल पूरी तरह खिल गये हैं और ठंडी हवाओं से लहरा रहे हैं। बंगाली समुदाय कास का फूल देख कर आह्लादित है क्योंकि यह फूल मां दुर्गा के आने का संकेत देता है।

## अर्का जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी में इंडक्शन प्रोग्राम शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अर्का जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फामेर्सी में यूजीसी के दिशा-निर्देश के अनुसार 2024 प्रवेश सत्र में फामेर्सी के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले नए छात्रों के लिए इंडक्शन सह ओरिएंटेशन आरंभ 2024 का आयोजन किया गया है। यह आगामी नौ सितंबर तक चलेगा। इस दौरान छात्रों को संस्थागत नीतियों, प्रक्रियाओं, प्रथाओं, संस्कृति व मूल्यों से अवगत कराने के साथ ही उका शिक्षक-शिक्षिकाओं से भी परिचय कराया



जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों को संस्थान के नियमों और शैक्षणिक मानकों से परिचित कराना, साथियों और संकाय के साथ संबंध बनाना, सीखने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देना, उन्हें साथियों के दबाव को संभालने के लिए सशक्त बनाना, सहानुभूति और ईमानदारी को बढ़ावा देना है।

समारोह के मुख्य अतिथि फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के कार्यकारी समिति सदस्य धर्मेंद्र सिंह थे। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर समारोह की विधिवत शुरूआर की। देश के विभिन्न हिस्सों और देश के बाहर से आये प्रख्यात वक्ताओं ने भी अपने प्रेरक शब्दों से छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस 14 दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में सीनियर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

समारोह मेंअर्का जैन यूनिवर्सिटी बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन डॉ. एसएस रजी, निदेशक सह रजिस्ट्रार डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, कुलपति डॉ ईश्वरन अय्यर आदि उपस्थित थे।

## मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए फॉगिंग और ब्लीचिंग छिड़काव की मांग

■ भाजपा मानगो व उलीडीह मंडल ने अपर नगर आयुक्त को सौंपा मांग पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** उलीडीह और मानगो में जन सुविधा कार्यों के प्रति मानगो नगर निगम के उदासीन रवैये से त्रस्त जनता के लगातार शिकायत पर भाजपा उलीडीह मंडल एवं मानगो मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अपर नगर आयुक्त रंजीत लोहरा का ध्यान आकर्षित करवाते हुए



क्षेत्रवार समस्याओं की सूची बनाकर एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मुख्य रूप से मानगो नगर निगम द्वारा जगह जगह कचरे का अंबार का उठाव, खराब स्ट्रीट लाइटों का मरम्मतीकरण, नाली सफाई, ब्लीचिंग पाउडर और एंटी लार्वा का छिड़काव, मच्छरों से बचने के लिए नियमित अंतराल में फॉगिंग आदि जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को विगत कई महीनों से नहीं किए जाने का उल्लेख किया गया है।

## अब पवन अग्रवाल को मिली बस्ती विकास समिति की कमान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बस्ती विकास समिति की एक महत्वपूर्ण



बैठक में वरिष्ठ नेता पवन अग्रवाल को सर्वसम्मति से नए केंद्रीय अध्यक्ष के रूप में चुना गया। बस्ती विकास समिति के निवर्तमान अध्यक्ष खेमलाल चौधरी, रामबाबू तिवारी एवं अन्य वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में यह बैठक हुई, जिसमें संगठन की आगामी योजनाओं और कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समिति का विस्तार अगले सप्ताह तक पूरा किया जाएगा। इस विस्तार का उद्देश्य समिति की गतिविधियों को और प्रभावी बनाना और समाज के विभिन्न वर्गों को इससे जोड़ना है।

# योजनाओं को लोगों के द्वार तक भेज रही हेमंत सरकार : मंगल कालिंदी

■ गबड़ाबांकी, बेलाजुड़ी, खेडुआ, गोबरघुसी और बेलडीह पंचायत की शिविर में शामिल हुए विधायक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत बड़ा बांकी पंचायत के पंचायत मंडप में, जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत बेलाजुड़ी पंचायत के बेलाजुड़ी पंचायत मंडप में, पटमदा प्रखंड अंतर्गत खेडुआ पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामनी में, पटमदा प्रखंड अंतर्गत गोबरघुसी पंचायत के गोबरघुसी पंचायत भवन और बोड़ाम प्रखंड के बेलडीह पंचायत भवन आयोजित आपकी



योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए।इस दौरान दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की पारंपरिक शुरूआत की। झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना जैसे की मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फूलो झानो आशिर्वाद योजना, सखी मंडल, जेएसएलपीएस का परिसंपत्ति वितरण, मुख्यमंत्री साइकिल वितरण योजना आदि योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियो का वितरण किया और मुख्यमंत्री मइँया सम्मान योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरित किया।

मौके पर विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के द्वार तक भेज रही है। इस पहल का उद्देश्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही निपटारा करना है। सभी लोग इसका लाभ अवश्य ले.. विधायक ने और कहा कि मुख्यमंत्री मइँया सम्मान योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और उनके उत्थान के लिए लागू की गई है जिसकी पहली किस्त राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के द्वारा लाभार्थी महिलाओं के बैंक खाते में ट्रांसफर की जा रही है। हेमंत सरकार राज्य की बहनों और बेटियों के सम्मान और सुरक्षा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

## एक नजर में

### झारखंडी हस्तकरघा उद्योग को बढ़ावा दे सरकार



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन (एआइएचएचए) द्वारा आयोजित झारखंड प्रदेश की अहम बैठक डॉ झरना नंद दास जी की अध्यक्षता में आदित्यपुर स्थित एशिया भवन सभागार में हुई। एसोसिएशन के राष्ट्रीय सलाहकार डॉ जटा शंकर पांडे ने बैठक को संबोधित करते हुए झारखंडी संस्कृति से जुड़ी हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने की बात कही तथा इससे जुड़े कामगारों को उचित सम्मान और आर्थिक सबलता प्रदान करने पर राष्ट्रीय पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रफुल्ल महापात्रा, विशिष्ट अतिथि डॉ जटा शंकर पांडेय, भारती पांडा, झारखंड की अध्यक्ष किरण सिंह, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त सुकान्त मिहिर सहित बिहार और झारखंड से आये सम्मानित प्रतिनिधिगण शामिल हुए।

### वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने डीसी को सौंपा मांग पत्र



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं से संबंधित एक मांग पत्र समिति के अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल मिला । प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त महोदय को 9 सूत्री मांग पत्र दिया गया। डीसी ने आश्वस्त किया कि हर संभव वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए हमारे स्तर से प्रयास होगा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के आनंद मय पत्रों, धरीक्षण प्रसाद गुप्ता, रामलाल पासवान, शशि भूषण सिंह, जमुना तिवारी, शत्रुघ्न प्रसाद, जयकुमार महतो, अनामिका सरकार, नरेश कुमार सिंह (प्रवक्ता ) एवं अन्य लोग शामिल थे।

### इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में कर्णिशा का परचम



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष अंग्रेजी विभाग की मेधावी छात्रा कर्णिशा दास ने बीते दिनों दिनांक 28-29 अगस्त को साउथ एशियन ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप- 2024 में भाग लिया। इस चैम्पियनशिप में उन्होंने इंडिविजुअल कराटे इवेंट में द्वितीय एवं टीम कराटे इवेंट में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता दशरथ स्टेडियम, काठमांडू नेपाल में आयोजित किया गया था। कुलपति ने कर्णिशा दास की इस उपलब्धि पर बहुत गौरव का अनुभव करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकानाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने इस बात के प्रति भी बहुत गर्व का अनुभव किया कि विश्वविद्यालय की छात्राएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय और देश का नाम रौशन कर रही हैं।

### सरजमदा के काजल ने 25वीं बार किया रक्तदान



**जमशेदपुर।** 41 वर्षीय सारजमदा निदिरटोला के काजल जगाती ने कल जमशेदपुर ब्लड सेंटर आकर स्वेच्छा से रक्तदान किया और उनका यह रक्तदान 25 वीं के आंकड़े को पूरा किया। मौके पर जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी ने उन्हें प्रशस्ति सम्मान पत्र के साथ साथ अंग वस्त्र एवं सुंदर सा मोमेटों देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार, जमशेदपुर के संस्थापक सचिव राजेश मार्डी भी उपस्थित थे। काजल टीआरएफ कंपनी में कार्यरत हैं और नियमित रक्तदान करते रहते हैं। राजेश मार्डी ने बताया कि काजल जगाती यह सम्मान पाने वाले संस्था के कुल 11वें सदस्य हैं। इससे पहले यह सम्मान अध्यक्ष लखन टुडू, सचिव राजेश मार्डी, मनमोहन हांसदा, रामेश्वर हांसदा, माईकल हो, सुखलाल सोरेन, सीताराम हेम्ब्रम, संजय मुर्मू, धीरेन मार्डी, और रवि मुर्मू यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। इस अवसर पर जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम सहित पूरी टीम ने काजल जगाती को बधाई दी है।

### बीके स्टील में 40 यूनिट रक्त संग्रह



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित बीके स्टील इंडस्ट्रीज लिमिटेड में वोलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन जमशेदपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। कंपनी के मुख्य प्रबंधक विकास बंसल के निर्देश पर आयोजित इस शिविर में पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर के अतिथि पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने रक्तदाताओं के मनोबल को बढ़ाते हुए इस प्रकार के शिविर आयोजित करने हेतु प्रबंधन की सराहना की। इस शिविर के माध्यम से कुल 40 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसके सफल आयोजन में कंपनी के विशाल कुमार, विलास राव यादव, सतीश शाही, दीपक रंजन मुंडा, लक्ष्मण झा, राजेश दत्ता, संजय कुमार झा, राजेंद्र महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### पूर्वी सिंहभूम तेली समाज और मूलवासी सदान मोर्चा ओबीसी ने निशिकांत दुबे का पुतला फूंका



**जमशेदपुर।** भाजपा सांसद निशिकांत दूबे ने तेली समाज, दलित, ओबीसी आदिवासी को इंगित कर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। निशिकांत दुबे के कारण बीजेपी को हो रहा है नुकसान, जमशेदपुर में निशिकांत दुबे का पुतला दहन करते हुए अपने सम्बोधन में तेली समाज के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कही। कहा कि पिछले दिनों मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद को तेली समाज गोड्डा जिला की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। राजेन्द्र प्रसाद पर सांसद ने अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिसको लेकर तेली समाज ओबीस दलित और आदिवासी समाज आक्रोशित हैं।

